
स्वागत गीत की मनोहारी प्रस्तुति देतीं आर्य महिला इंटर कालेज की छात्राएं। ● अमृत विचार


राधा-कृष्ण का वेश धर मनमोहक नृत्य करतीं आर्य कन्या पाठशाला की छात्राएं।


सरस्वती वंदना पर भावपूर्ण नृत्य करतीं डॉ. सुदामा प्रसाद स्कूल की छात्राएं। ● अमृत विचार

# मंडलीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का धमाकेदार आगाज

● मेजबान जनपद की छात्राओं ने मनोहारी प्रस्तुतियां देकर बिखेरी सतरंगी छटा

## सीडीओ ने क्रीड़ा ध्वज फहराकर और कबूतर-गुब्बारे उड़ाकर किया आरंभ, बढ़ाया सभी का उत्साह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का गुब्बारे उड़ाकर उद्घाटन करतीं सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह।

**अमृत विचारः** 68वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता मंगलवार से परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्टेडियम में धमाकेदार ढंग से शुरू हो गई। पटाखों की गूंज के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने स्टेडियम में सतरंगी छटा बिखेरने का काम किया। मुख्य अतिथि सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने मंडल क्रीड़ा ध्वज फहराकर प्रतियोगिता आरंभ करने की घोषणा की, तो पूरा स्टेडियम तालियों से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि ने फीता काटकर, शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर और हर्षोल्लास के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर मंडल के सभी जनपदों से जुटे खिलाड़ियों में उत्साह भरने का काम किया। इससे पहले उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन किया। इसी क्रम में मुख्य अतिथि सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने मार्चपास्ट की सलामी भी ली। मार्च पास्ट की अगुआई गुरुनानक पाठशाला के बैंड ने की। बैंड के पीछे बरेली, बदायूं, पीलीभीत और सबसे अंत में मेजबान शाहजहांपुर की टीम शामिल हुई। सीडीओ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी अपने जनपदों से जीत कर ही आए हैं, इसलिए सभी विजेता है। मंडलीय प्रतियोगिता में भी सभी खेलभावना का परिचय देते हुए चैंपियन की भांति अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और जनपद को गौरवान्वित करें।

उद्घाटन समारोह में डॉ. सुदामा प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, आर्य महिला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने राधा-कृष्ण का मोहक नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। गत वर्ष के चैंपियन बदायूं की अनुष्का चौधरी, बरेली के कादिर खां और मोहित शर्मा तथा पीलीभीत के ताजीम ने मशाल के साथ मैदान का चक्कर लगाकर मंडलीय खेलों का बिगुल फूंक दिया। इससे पहले प्रतियोगिता संयोजक डीआईओएस हरिवंश कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके प्रति आभार जताया।

इसी कड़ी में माध्यमिक शिक्षक संघ पांडेय गुट के प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रमेश बाबू तिवारी, जिला मंत्री गौरव पांडेय, संजय कपूर ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया। अनिल मालवीय के संचालन में चले उद्घाटन सत्र में जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया, प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. केके शुक्ला, पूर्व प्रधानाचार्य गंगाराम प्रेमी, आयोजक अनिल कुमार, सचिव कैप्टन राम कुमार, नईम अहमद, सह संयोजक डॉ. अमीर सिंह, सह क्रीड़ा सचिव रत्नेश शुक्ला, संजय कुमार मौर्य, सोनिया गुप्ता, डॉ. शाइस्ता नसीम, अल्पना सिंह, अनुपमा मौर्या, लेफ्टिनेंट मो. अयूब, मिहिर फिलिप्स, अवधेश सिंह अरुण, पूनम रानी, ओमप्रकाश, जेपी मौर्या आदि प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

## गुनगुन ने गोल्ड, आयुष ने ब्रांज से खोला खाता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की उद्घाटन सीनियर वर्ग की 800 मीटर दौड़ में शाहजहांपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत का खाता खोलने का काम किया। 800 मीटर बालिका वर्ग की रेस में गुनगुन मौर्या ने प्रथम और बालक वर्ग में आयुष दीक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि बालक वर्ग में ही बदायूं के अर्जुन मौर्य प्रथम और बरेली के शेखर सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। इसी तरह बालिका वर्ग में बदायूं की छाया देवी ने द्वितीय और साक्षी ने तृतीय स्थान पाया। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बरेली के कदीर खां प्रथम, पीलीभीत के हरिश्चंद्र द्वितीय, शाहजहांपुर के अमित सिंह तृतीय,1500 मीटर दौड़ में बदायूं के अर्जुन मौर्य प्रथम, बरेली के रोहित भदौरिया द्वितीय और बरेली के शेखर सिंह तृतीय, गोला फेंक में शाहजहांपुर के आशीष सिंह प्रथम, बदायूं के तर्वशु चौधरी द्वितीय और बरेली के मोजिज हसन तृतीय स्थान पर रहे। बालिकाओं की 1500 मीटर दौड़ में शाहजहांपुर की गुनगुन मौर्या ने प्रथम, गोला फेंक में बदायूं की महक और शिवानी, बरेली की पूजा कुमारी, लंबी कूद में बदायूं की निशा और मुस्कान, पीलीभीत की पायल को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान मिला।

### जूनियरः 1500 मीटर रेस में दीपक और अंजलि विजयी

जूनियर वर्ग की 800 मीटर दौड़ में बदायूं के दीपक कुमार को प्रथम, पीलीभीत के ताजीम खां को द्वितीय, शाहजहांपुर के अनुराग को तृतीय, बालिकाओं में बरेली की अंजलि को प्रथम, बदायूं की खुशबू को द्वितीय और पीलीभीत की भावना को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह 1500 मीटर दौड़ में बदायूं के दीपक कुमार, बरेली के जितेंद्र कुमार, बरेली के मो. यूसुफ, बालिकाओं में बरेली की अंजलि, पीलीभीत की भावना, बदायूं की सलोनी, गोला फेंक में बरेली के आदित्य सिंह, बदायूं के रेहान सैफी, शाहजहांपुर के अभिनय प्रताप सक्सेना, बालिकाओं की 100 मीटर रेस में बरेली की रूबी गंगवार, पीलीभीत की निशा मौर्या, शाहजहांपुर की राधिका, लंबी कूद में पीलीभीत की कशिश, बदायूं की की हिना, शाहजहांपुर की इफरा, गोला फेंक में पीलीभीत की गीतिका गिरी, बदायूं की स्वाति और राधा कश्यप ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाया।

● सीनियर वर्ग की 800 मीटर रेस में मेजबान खिलाड़ियों ने दिखाया दम

### सब जूनियरः उज्ज्वल और लक्ष्मी ने जीती फर्राटा दौड़

सब जूनियर बालक वर्ग की प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ में बरेली के उज्ज्वल को प्रथम, पीलीभीत के शशांक गुप्ता को द्वितीय, शाहजहांपुर के राजन को तृतीय, बालिकाओं में बदायूं की लक्ष्मी पाल को प्रथम, शाहजहांपुर की रंजना देवी को द्वितीय और बरेली की मंतशा को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह लंबी कूद में पीलीभीत के शशांक गुप्ता, बदायूं के सुखवीर, पीलीभीत के अर्पित कुमार, बालिकाओं में पीलीभीत की मंजू रावत, बरेली की मंतशा और बदायूं की शालू, गोला फेंक में बदायूं के हर्ष चौधरी, पीलीभीत के गुरुप्रीत सिंह और बरेली के आयुष रावत को क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान मिला।


मार्च पास्ट निकालते मंडल के सभी जनपदों के खिलाड़ी। ● अमृत विचार


मशाल के साथ चक्कर लगाते गत वर्ष के बरेली, बदायूं और पीलीभीत के चैंपियन।


सीनियर बालिका वर्ग की 800 मीटर में फर्राटा भरतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# कार्तिकेय, अहम और अर्पित विजयी

**विज्ञान प्रदर्शनी**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि। ● अमृत विचार

● एलबीजेपी इंटर कॉलेज में हुए कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

**अमृत विचारः** तिलहर स्थित एलबीजेपी इंटर कॉलेज में महान वैज्ञानिक पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डायट प्रवक्ता बीएल मौर्या ने कहा आज का युग विज्ञान का युग है। बच्चों में वैज्ञानिक सोच, तकनीकी एवं नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान है।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में एसएस कॉलेज के प्रवक्ता शिशिर शुक्ला ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक कौशल, सृजनात्मकता एवं शोध की प्रवृति विकसित होती है। डॉ. अनिल कुमार, आशीष कुशवाहा आदि ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। सीनियर वर्ग में कार्तिकेय रस्तोगी प्रथम, प्रतिभा द्वितीय और फैजान तृतीय, जूनियर वर्ग में अहम कश्यप प्रथम, कौशिक मिश्रा द्वितीय और प्रिया तृतीय, सब जूनियर वर्ग में अर्पित प्रथम, अंकित द्वितीय और आयुष तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इससे पहले भारत भूषण एवं सोमी वसीम जैदी के संयोजन में प्रदर्शनी का आरंभ प्रधानाचार्य मुख्य अतिथि डॉ. दिवाकर शर्मा, बीएल मौर्या और बृजपाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। निर्णायक मंडल में एसएस कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला, सत्येंद्र कुमार सिंह एवं डॉ. अनिल कुमार शामिल रहे। संचालन आशीष कुशवाहा और राम किशोर ने किया।

## जेल गए ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कटरा-खुदागंज में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अशोक कुमार के जेल जाने की सूचना पर डीपीआरओ घनश्याम सागर ने उन्हें निलंबित कर दिया है। डीपीआरओ ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी अशोक कुमार खुदागंज में तैनात थे। 10 अक्टूबर को न्यायालय के आदेश पर इन्हें जेल भेजा गया है। इनके खिलाफ थाना कटरा में विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जेल अधीक्षक का पत्र आने के बाद पुष्टि हुई। जिसके बाद ग्राम पंचायत अधिकारी को सरकारी कर्मचारी के अभियोग में वांछित व आपराधिक मुकदमे में जेल जाने के कारण सरकारी सेवा नियमावली का उल्लंघन करने आदि में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच सहायक विकास अधिकारी पंचायत तिलहर को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

# महिलाओं ने रामलीला के प्रसंगों का किया मंचन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


कृभको टाउनशिप में रामलीला का मंचन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

● कृभको टाउनशिप में प्रगति महिला मंडल के बैनर तले हुआ आयोजन

**अमृत विचारः** कृभको फर्टिलाइजर की टाउनशिप में 12 अक्टूबर को एकबार फिर महिलाओं ने रामलीला का मंचन किया। प्रगति महिला मंडल के बैनर तले ध्वनि और प्रकाश शैली पर आधारित रामलीला में महिलाओं और बच्चों ने सहभागिता की।

सुमन चोपड़ा और किरन सिंह के मार्गदर्शन और वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक सक्सेना के निर्देशन में रामलीला का मंचन शनिवार को किया गया। निर्देशक आलोक सक्सेना ने बताया कि 45 दिवसीय कार्यशाला में तीन घंटे की रामलीला का पूर्वाभ्यास कराया गया। विजयादशमी पर हुए मंचन का आरंभ मुख्य अतिथि कृभको के प्रबंध निदेशक रवि कुमार चोपड़ा, यूनिट प्रमुख वीके सिंह, सुमन चोपड़ा, किरन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान राम जन्म से लेकर रावण वध तक और अंत में राजतिलक का मंचन महिलाओं ने ही किया।

प्रगति महिला क्लब की अध्यक्ष और रामलीला संयोजक किरन सिंह ने बताया कि महिलाओं की रामलीला का आरंभ वर्ष 2018 में किया गया था, तब से यह लगातार जारी है। जबकि मंचन की विभिन्न व्यवस्थाओं में मनीष मुनि, वत्सल प्रकाश, चंदा राय, सोनिका कुलश्रेष्ठ, अरुंधति देव, एससी गौड़, एसबी सिंह, जेपी श्रीवास्तव, एनके गर्ग, प्रशांत, पंकज, आशीष जैन, संजय कुमार, राजवीर, महेश शर्मा, महेश शर्मा, सुनयना, सोनी, पल्लवी आदि का सहयोग रहा।

### इन्होंने किया रामलीला के पात्रों को जीवंत

मंचन में कविता झा, हरमीत कौर, रोहिणी त्रिवेदी, लक्ष्मी रेड्डी, चंचल शर्मा, वंदना श्रीवास्तव, वर्णिका सक्सेना, आशा तिवारी, प्रमिला दीक्षित, अर्चना तिवारी, लता बंसल, निशा सिंह, ऊषा यादव, नूतन सिंह, संध्या चौहान, आशा सिंह, प्रियंका तायल, कनू गौड़, नीतू झा, प्रतीक्षा शर्मा, बबिता दास, अभिज्ञान सिंह, ज्योति देव, सावी, दिव्या, कार्तिकेय, ऋषि यादव, हेमलता, आरती, पूनम, आराध्या आदि महिलाएं और बच्चे शामिल रहे।

### सीएमओ ने पीएचसी का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर।** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने मंगलवार को शहर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटिया टोला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय तक 106 मरीजों को देखा जा चुका था। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाई जाए और सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने मोहल्ला बाडूजई प्रथम टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। 24 बच्चों का एएनएम द्वारा टीकाकरण किया जा चुका था। उन्होंने टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के समय डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. आदित्य कुमार, अनुराग आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### चयन ट्रायल 18 को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में 18 अक्टूबर को विभिन्न खेलों के चयन ट्रायल होंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने बताया कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय सीनियर महिला-पुरुष वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 18 अक्टूबर को महिला वॉलीबाल, पुरुष हॉकी, महिला-पुरुष जूडो और पुरुष कबड्डी खेल के लिए चयन ट्रायल होगा। उन्होंने बताया कि सभी ट्रायल शाम तीन बजे से होंगे, जो निशुल्क होंगे।

# तेरे ही भरोसे नैया छोड़ी है कन्हैया...


श्री खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन जागरण में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, जमुका/ रोजा

● रोजा में हुआ तृतीय भव्य श्री खाटू श्याम का जगराता

**अमृत विचारः** क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी में सोमवार शाम श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य तृतीय संकीर्तन जागरण हुआ। यहां श्याम दरबार की खूबसूरती ने भक्तों को दीवाना बनाए रखा। श्याम जागरण की ओर से आयोजित श्री खाटू श्याम नरेश के जगराते का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। रात भर चले जागरण में पुष्पों की वर्षा से पंडाल की शोभा बनी रही।

म्यूजिकल ग्रुप के गायकों ने गणपति आराधना के साथ जगराता को गति दी। रोजा के कपिल बाबरा ने... मनाओ जी गणेश भक्तों के भजन से कार्यक्रम का श्री गणेश किया। वहीं मुरादाबाद से आए तारिक किशोर ने कीर्तन कराऊं ऐसा इतिहास बना दूंगा के भक्ति भजन पर भक्तों का ध्यान श्री श्याम बाबा के चरणों में लगाने के लिए मजबूर कर दिया। बरेली से आए शिवम रंगीला ने भी खाटू वाले श्याम बाबा मेरे घर आना के भक्ति भजन से पूरा पंडाल भक्तिमय कर दिया। मुरादाबाद से आई गायिका भावना तमन्ना ने शीश के दानी महाबलीवानी खाटू वाले श्याम तेरा जयकारा है सुनाया। रोजा के कलाकार कुमार रोहित ने तेरे ही भरोसे नैया, छोड़ी है कन्हैया व मैया रे मैया एक खिलौना छोटा सा मंगवा दे भजन सुनाया। जागरण में श्री गणेश भगवान, श्री बजरंगबली भोलेनाथ, राधाकृष्ण,सुदामा, मां काली की भव्य झांकियां सजी हुईं थीं। ब्रह्म मुहूर्त में श्री श्याम बाबा का आरती व प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोजा के श्री खाटू श्याम दीवाने का सहयोग रहा।


मां भगवती के 11वें विशाल जागरण में बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# रातभर बही भक्ति की रसधार, झांकियों ने मनमोहा

संवाददाता, खुटार

● रौतापुर कलां में हुआ मां भगवती का 11वां विशाल जवाबी जागरण

**अमृत विचारः** सोमवार की रात क्षेत्र के गांव रौतापुर कला में मां दुर्गा का विशाल जागरण हुआ। जिसमें ज्वाला जी से लाई गई पवित्र ज्योति के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ कमाया। जागरण में मशहूर भजन गायिका क्रांति माला और मशहूर भजन गायक शंभू हलचल ने माता रानी के भजनों से समा बांध दिया।

दोनों भजन गायकों ने एक दूसरे को भजन के माध्यम से जवाब दिया। देर रात तक हुए जवाबी जागरण में भजन सुनकर श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। वहीं देव स्वरूपों की सुंदर- सुंदर झांकियों ने दर्शकों के मन को मोह लिया। जागरण में भजन गायिका क्रांति माला की ओर से हारमोनियम वादक अनिल पांडे, ढोलक साहिल, सह कलाकार छोटू पंडित, मोनू शुक्ला, और लेखक अनिल शुक्ला ने उनका भरपूर साथ दिया। भजन गायक शंभू हलचल पार्टी की ओर से हारमोनियम वादक अरुण शुक्ला, ढोलक पर रमाकांत तूफानी, सह कलाकार गिरिजा कानपुरी, संतोष सरल और लेखक राजन बाजपेई ने उनके साथ देकर जागरण को और सुंदर बना दिया। जागरण आयोजक मुनीश तिवारी ने पत्रकारों और अतिथियों को अंग वस्त्र भेंट कर उनको सम्मानित किया। सुबह जवाबी जागरण के निर्णायक मंडल ने दोनों पार्टियों को बराबर अंक देकर के भजनों की जमकर प्रशंसा की।


राधा कृष्ण और सुदामा की झांकी।

## एक नजर

### दुर्घटना में मंदिर के बाबा समेत चार घायल

**जैतीपुर।** क्षेत्र के गांव नौगवां गोविंदपुर में स्टेट हाईवे किनारे मंगलवार को हनुमान मंदिर में प्रसाद बांट रहे बाबा विश्राम दास को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बाबा विश्राम दास गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका पैर टूट गया। राहगीरों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। ग्रामीणों ने बताया बाइक पर तीन लोग सवार थे, उनके भी मामूली चोटें आईं।

### किशोरी और युवती को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** कांट थाना क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि 10 अक्टूबर की रात उसकी 16 वर्षीया पुत्री सोने चली गयी। वह सुबह चार बजे उठे तो देखा तो वह घर में नहीं थी और मकान का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। पुत्री को तलाश किया लेकिन वह नहीं मिली। उसे पता चला कि गांव का धर्मवीर उसे अगवा कर ले गया है। वहीं, सिंधौली क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि रविवार को सुबह साढ़े छह बजे उसकी 18 वर्षीया पुत्री लापता हो गयी थी। तलाश करने पर भी नहीं मिली। दूसरे दिन उसे पता चला कि उसकी पुत्री को निगोही का अंकित अगवा करके ले गया है। उसे भगाने में दो लोगों को सहयोग है। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शादी करने की नीयत से किशोरी को किया अगवा

**शाहजहांपुर।** परौर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 3 अक्टूबर शाम को अपने खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था। उसके पिता, ताऊ और उसकी 17 वर्षीय बहन घर पर थी। दूसरे दिन एक बजे उसके बहनोई का भाई हरीराम, राजपाल, रनवीर, कल्लू निवासी परौर उसके घर पर आए। उसकी बहन को शादी करने की नीयत से अगवा करके ले गए। उसने बहन की तलाश की लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### व्यक्ति का शव मिला शिनाख्त नहीं

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह सात बजे निगोही रोड पर श्यामतगंज गौटिया गांव के सामने एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की उम्र 40 साल है। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि भीख मांगा करता था। शिनाख्त नहीं हो पायी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ईको-बाइक में भिड़ंत सिपाही की मौत, आठ घायल

## निगोही-शाहजहांपुर रोड पर हुई दुर्घटना, घायलों में पीलीभीत में तैनात सिपाही भी शामिल

संवाददाता, निगोही/ शाहजहांपुर


घटना स्थल पर पलटी ईको और जांच-पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार


दुर्घटना में क्षतिग्रस्त सिपाहियों की बाइक। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** निगोही-शाहजहांपुर रोड पर मंगलवार शाम हसौआ पुलिया के पास ईको कार और बाइक की भिडंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो सिपाही और ईको सवार जच्चा-बच्चा सहित आठ लोग घायल हो गए। घायलों में एक सिपाही ने राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर दम तोड़ दिया। दूसरे सिपाही की भी हालत गंभीर बताई जा रही है।

मेरठ के थाना दौराला के गांव दादरी निवासी कलान थाने में तैनात सिपाही अभिषेक और पीलीभीत पुलिस लाइन में तैनात सिपाही अमित वर्मा एक बाइक पर बैठकर मंगलवार को पीलीभीत से शाहजहांपुर की ओर जा रहे थे। शाम करीब चार बजे बाइक गांव हसौआ पुलिया के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ईको से बाइक की भिड़ंत हो गई। आमने-सामने वाहनों की हुई जबदरस्त भिड़ंत के बाद बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों सिपाही घायल हो गए। वहीं ईको पलट गई उसके चारों पहिये ऊपर की ओर उठ गए। ईको को थाना रामचंद्र मिशन के मोहल्ला रेती निवासी

- ईको में थे सात लोग, नवजात और महिला की अस्पताल से हुई थी छुट्टी, जा रहे थे घर

राजेश चला रहा था। उसमें सवार निगोही कस्बा निवासी मोहम्मद मोबीन अपनी पत्नी रीनू और नवजात बेटे की अस्पताल से छुट्टी कराकर गांव ले जा रहे थे, साथ में मोबीन की सास शकीला बानो और भतीजी आसिया व आयशा भी थीं। यह सभी लोग भी घायल हो गए। चालक राजेश भी घायल हो गया। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। भीड़ में मौजूद एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही लोगों की मदद से ईको से घायलों को बाहर निकाला,


मृतक अभिषेक।

तब तक निगोही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां कुछ देर बाद डॉक्टर ने सिपाही अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं सिपाही अमित वर्मा की हालत भी गंभीर बनी हुई हुई है। उधर, घटना के बाद पुलिस ने ईको को सीधा कराने के बाद उसे कब्जे में ले लिया। क्षतिग्रस्त बाइक को भी कब्जे में ले लिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मोबीन के रिश्तेदार भी घटना स्थल पर पहुंच गए और कुछ लोग मेडिकल कॉलेज पहुंच गए।

### सिपाही की मौत पर थाने में शोक

**कलान।** थाने पर तैनात सिपाही अभिषेक की सड़क दुर्घटना में मौत होने से थाने में मातम है। उसके साथी गमजदा हैं। सिपाही अभिषेक पुलिस विभाग में वर्ष 2018 में भर्ती हुआ था। उसकी तैनाती कलान थाने में 20 सितंबर 2023 को हुई थी। इससे पहले थाना सदर बाजार में तैनात था। निगोही थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल हो जाने के बाद मौत हो गई। अभिषेक का बड़ा भाई पुलिस विभाग में जनपद उन्नाव में तैनात हैं। अभिषेक की मौत पर थाने उसके साथी गमजदा हैं। थाने में मातम है।

> हादसे में सिपाही अभिषेक की मृत्यु हो गई है, वह वर्ष 2018 में पुलिस में भर्ती हुआ था। उनकी तैनाती इस समय कलान थाने में थी। घटना की सूचना मृतक के परिवार वालों को दे दी गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। **-राजेश एस,** एसपी

# विवाहिता की मौत में पति के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस, संदिग्ध स्थानों पर दी दबिश

**अमृत विचार :** मदनापुर क्षेत्र में राजकुमारी की मौत के मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश में कई संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी।

पीलीभीत के थाना बरखेड़ा के गांव प्रतापपुर निवासी महेंद्र कुमार ने मदनापुर थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसने बेटी राजकुमारी की शादी फरवरी 2024 में देवेंद्र निवासी अकबरपुर थाना मदनापुर के साथ की थी। उसने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। कुछ दिन बाद देवेंद्र बेटी से मायके से बाइक लाने को कहने लगा। उसके मना करने पर देवेंद्र आए दिन राजकुमारी के साथ मारपीट करता था। आरोप है कि 12 अक्टूबर को आरोपी दामाद ने उसकी पुत्री की गला दबाकर हत्या कर दी और घर का दरवाजा बाहर से बंद कर भाग गया। पीड़ित पिता ने बताया कि हत्या की सूचना उसके दामाद के ताऊ राम आसरे ने फोन से दी थी। वह पुत्री की ससुराल गया तो देखा कि डबल बेड पर उसकी पुत्री का शव था। कमरे में सामान बिखरा था और बेटी के कान के टॉप्स जमीन पर पड़े थे। उसका आरोप है कि मारपीट करने के बाद उसकी पुत्री की गला दबाकर हत्या की गयी थी। प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह ने बताया कि पति देवेंद्र के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी पति की तलाश कर रही है।

### दहेज के लिए बहू को निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना क्षेत्र के गांव पिलुआ निवासी शिबानी ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसकी शादी ढाई साल पहले अंकित निवासी आलापुर जिला बदायूं के साथ हुई थी। उसके माता-पिता अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से संतुष्ट नहीं होने पर ससुराल वालों ने उससे बुलेट, एक लाख रुपये व सोने की जंजीर की मांग की। उसके मना करने पर ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और दो माह पूर्व घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है। पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# सोशल मीडिया पर प्यार...प्रेमिका से मिलने पहुंचा प्रेमी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चार बच्चों की मां है महिला, पति ने दोनों को पकड़ लिया, हंगामा
- रामपुर का है युवक, पुलिस ने प्रेमी का शांतिभंग में किया चालान

**अमृत विचारः** चार बच्चों की मां एक महिला की रामपुर के युवक से सोशल मीडिया पर नजदीकी बढ़ गयी। दोनों एक दूसरे से मोबाइल पर बात करते थे। धीरे-धीरे प्यार बढ़ा तो युवक महिला के घर मिलने पहुंच गया। पति ने दोनों को एक साथ देखकर हंगामा कर दिया। पुलिस आरोपी युवक को थाने ले आयी और शांतिभंग में चालान कर दिया। यह मामला सिंधौली क्षेत्र का है।

सिंधौली क्षेत्र के एक गांव की चार बच्चों की मां का रामपुर के रहने वाले एक युवक से सोशल मीडिया के माध्यम से प्यार हो गया। पिछले काफी समय से महिला सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क में थी। रामपुर से युवक आए दिन सिंधौली आता था और महिला को कोई बहाना करके घर से बुला लेता था। महिला उससे मिलने आ जाती थी। शनिवार की शाम रामपुर से युवक सदर क्षेत्र में आया और महिला से फोन पर बात की। महिला मेला देखने के बहाने शाम को घर से निकल गयी। महिला रात भर घर नहीं पहुंची तो उसके पति को चिंता हुई। महिला सोमवार की सुबह नौ बजे घर पहुंची तो पति ने रात भर गायब होने का कारण पूछा। इस दौरान महिला ने घर में हंगामा कर दिया गांव वालों ने बीच बचाव कराके मामले को शांत कराया। उस समय तो बात आई गई हो गई।

हद तो तब हो गई जब सोमवार को महिला का पति किसी काम से गया था। युवक महिला से मिलने दोपहर बाद उसके घर पहुंच गया। पति अचानक घर पहुंच गया और उसने पत्नी के साथ युवक को बात करते हुए पकड़ लिया। गांव वालों ने युवक को पकड़ लिया और सिंधौली थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़कर थाना पर ले आयी। थाने परचार घंटे तक पंचायत चली है। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि दोनों का सोशल मीडिया पर संपर्क हुआ था और आरोपी का चालान कर दिया।

### प्रेमी की खातिर बच्चों और पति को ठुकराया

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने बीते दिनों थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी कि उसकी पत्नी लापता हो गई है। पति के काफी ढूंढने पर उसे पता चला कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर दूसरे व्यक्ति के घर रह रही है। महिला के तीन बच्चे हैं और शादी को 20 वर्ष हो चुके हैं लेकिन आठ माह से वह प्रेमी के साथ रह रही है। वह गर्भवती है। मंगलवार को पुलिस प्रेमी-प्रेमिका को बरामद कर जब थाने लाई तो उसका पति भी अपने तीन बच्चों को लेकर आ गया लेकिन निर्दयी मां बच्चों के पास आते ही उन्हें दुत्कार रही थी। बच्चे मां के सामने गिड़गिडाते रहे लेकिन उसका दिल नहीं पसीजा। पुलिस ने काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी। वह प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी थी।


जेसीबी पर चढ़कर और घेराबंदी कर सांड़ को पकड़ने कोशिश करते लोग। ● अमृत विचार

# साढ़े छह घंटे की मशक्कत के बाद काबू में आया सांड़

- डर के मारे महिलाएं बच्चों को लिए घरों में कैद रहीं
- सांड़ के पकड़े जाने के बाद लोगों ने ली राहत की सांस

संवाददाता, बंडा/ शाहजहांपुर


सांड को पकड़ने के लिए रस्सी में गांठ बांधते सीओ पंकज पंत। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गांव पिपरा जप्ती में मंगलवार सुबह सांड़ के हमले में वृद्ध ओमप्रकाश की मौत और चार लोगों के घायल होने की सूचना पर गांव पहुंची प्रशासन और पुलिस व वन विभाग टीम ने साढ़े छह घंटे की मशक्कत के बाद सांड पर बमुश्किल काबू पाया।

घटना के बाद गांव में सांड़ की दहशत बनी हुई थी, महिलाएं बच्चों को लिए घरों में छिपकर बैठीं हुईं थीं, जबकि गांव के लोग लाठी-डंडा लेकर सांड़ से बचाव के लिए इकट्ठा होकर खड़े थे। सुबह करीब 10:30 बजे एसडीएम संजय पांडेय, सीओ पंकज पंत, वन दरोगा संजीव कनौजिया थाना प्रभारी सोनी शुक्ला, वन दरोगा संजीव कनौजिया, बीडीओ सर्वेश कुमार और ग्राम पंचायत सचिव के साथ पहुंच गए, साथ ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। सांड़ को पकड़ने के लिए जेसीबी मंगाई गई, जिस पर खड़े होकर सिपाहियों , ग्रामीणों व वनकर्मियों ने सांड को पकड़ने की कोशिश शुरू कर दी। सीओ पंकज पंत खुद कोशिश करने में जुट गए। लेकिन वह पकड़ में नहीं आ पा रहा था। कभी गांव की गलियों में घुस जा रहा था तो कभी इस छोर से उस छोर पहुंच जा रहा था। ग्रामीण उसकी घेराबंदी किए हुए थे। बचने के लिए इधर-उधर दौड़ लगा रहा सांड़ भी शाम पांच बजे तक पस्त हो गया और टीम ने उसे कब्जे में ले लेकर वन विभाग की सुपुर्दगी में दे दिया। पकड़ने की कोशिश कर रहे प्रेमपाल मौर्या को भी सांड़ ने घायल कर दिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल बना रहा। ग्रामीणों का कहना है कि इस सांड़ के आतंक से वह पहले से ही परेशान थे, और कई बार प्रशासन को इसकी सूचना दी जा चुकी थी, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, जो अब लोगों की जान लेने पर उतारू हैं।

### खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे ग्रामीण

सांड के आतंक के चलते ग्रामीणों ने दरवाजे बंद कर लिए और बच्चों को भी घरों में बंद कर लिया। गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अब उनकी सुरक्षा के लिए प्रशासन को तुरंत कदम उठाने होंगे, नहीं तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। लोग घर से बाहर निकलने से भी डर रहे हैं।

### मूकदर्शक बनी रही वन विभाग की टीम

ग्रामीणों ने बताया कि सांड का पकड़ने के दौरान वन विभाग की टीम मूकदर्शक बनी सांड़ के आतंक को देखती रही। वन विभाग के टीम ने एक बार भी सांड को ट्रेंकुलाइज करने के बारे में विचार नहीं किया। इस पर भी ग्रामीण लगातार सवाल उठा रहे हैं ।

### समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया

किसान यूनियन के नेता मनदीप सिंह ने जिला प्रशासन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि आवारा सांडों की समस्या से लोग कई दिनों से जूझ रहे हैं। प्रशासन को पहले ही कई बार सूचना दी गई थी, लेकिन किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अब जब जान जा चुकी है, तब भी प्रशासन निष्क्रिय है।

# घर के बाहर टीन शेड में लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, मिर्जापुर/शाहजहांपुर

- सुबह ग्रामीणों ने देखा, हिमाचल में रहते हैं परिवार के लोग

**अमृत विचारः** ढाई गांव में एक युवक का शव घर के बाहर टीन शेड में धन्नी से दुपट्टे से लटका हुआ था। सुबह छह बजे गांव वाले दूध लेने के लिए गए तो उसका शव लटका हुआ देखा। वह यहां अकेला रहकर खेती और जानवर पालकर दूध बेचने का काम करता था। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। परिवार के लोग हिमाचल प्रदेश में रहते थे।


मृतक दामोदर।

मिर्जापुर क्षेत्र के गांव ढाईगांव निवासी दामोदर उर्फ बब्लू( 35 ) ने घर के बाहर टीन शेड डाल रखा था और यहां अकेला रहता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। उसके भाई और अन्य परिजन हिमाचल प्रदेश में मजदूरी करते है। उसने खेती के साथ-साथ जानवर पाल रखे थे और दूध बेचा करता था। दामोदर ने सोमवार की रात में टीन शेड में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी थी। मंगलवार की सुबह छह बजे लोग दूध लेने के लिए गए तो देखा कि उसका शव दुपट्टे से लटका हुआ था। खबर सुनकर उसका बहनोई उमेश कुमार निवासी कस्बा मिर्जापुर गांव में गया। उसने साले का शव लटका हुआ देखा। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिपाहियों के साथ पहुंचे और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बहनोई उमेश ने पुलिस को बताया कि उसकी गांव में किसी से रंजिश नहीं थी। उसने सोमवार को अपनी बहन से फोन पर बात की थी। वह कई दिन से चिंता में था। उसके अन्य भाइयों की शादी हो गयी है। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने कोई तहरीर नहीं आई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होग। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मेले में लगी डांस पार्टी में आई डांसर फरार

**पुवायां,अमृत विचारः** नगर में चल रही रामलीला में लगी डांस पार्टी में डांस करने आई एक डांसर सोमवार की रात 12 बजे गायब हो गई। उसकी मां ने कोतवाली में तहरीर देकर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया है।

लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुवायां कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी 19 वर्षीया बेटी पुवायां मेले में लगी डांस पार्टी में आई थी। सोमवार की रात उसने डांस किया था लेकिन रात 12 बजे से अचानक गायब हो गई, जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। पीड़िता ने बताया कि बेटी शादी हो चुकी है। तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। वहीं पीड़िता ने एक युवक पर अपनी बेटी को ले जाने का शक जाहिर किया है। पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी।कोतवाल हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# अंतिम संस्कार को ले जाते समय पुलिस ने रोका शव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बीमारी से हुई थी युवक की मौत पत्नी ने पुलिस को दी थी सूचना
- तीन साल से रह रही है मायके में, पुलिस ने शव पीएम को भेजा

**अमृत विचारः** एक युवक का बरेली अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिवार वालों का कहना है कि वह बीमार था। परिजन अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। तीन साल से मायके में रह रही पत्नी ससुराल पहुंच गई और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अंतिम संस्कार को ले जाते शव को रोक कर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

खुदागंज क्षेत्र के गांव सूथा निवासी सुनील कुमार( 28 ) की शादी आठ साल पहले पीलीभीत की प्रभा से हुई थी। शादी के बाद उसका पत्नी से विवाद हो गया था। पत्नी ने मायके जाकर पति व अन्य लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया था। प्रभा करीब तीन साल से मायके में रह रही है। सुनील 15 दिन से बीमार था। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में उपचार कराया। फायदा न होने पर 13 अक्टूबर को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार की शाम सुनील की मौत हो गयी। परिवार वाले शव लेकर घर आ गए। इधर परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर शव लेकर चले तो तीन साल से मायके में रह रही उसकी पत्नी प्रभा अपने परिवार वालों के साथ ससुराल आ गयी। उसने पति के शव को रुकवाकर पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह सिपाहियों के साथ गांव में पहुंचे और शव को रुकवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि परिवार वालों का कहना है कि वह कई दिन से बीमार था और बरेली में इलाज के दौरान मौत हो गयी। उसकी पत्नी ने तीन साल से मायके में रह रही थी। उसने तहरीर दी कि मृत्यु का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाए। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# ढाबे पर छापा, दो डग्गामार बसें सीज

संवाददाता, तिलहर


बसों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाते सीओ अमित चौरसिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सीओ ने सोमवार देर शाम नगर के बाईपास चौराहे के समीप स्थित एक ढाबे पर छापामार कर दिल्ली सवारियां ले जा रही दो डग्गामार बसों को सीज कर दिया। जिससे चालकों में हड़कंप मच गया।

नगर के बाईपास तिराहा और चौराहा के समीप दो ढाबों पर लंबे अरसे से लखीमपुर से शाहजहांपुर होती हुई दिल्ली जाने वाली दर्जनों बसें अवैध रूप से सवारियों को ढोने में जुटी थी। उक्त मामले में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल होने पर एडीजी और एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

- सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल होने पर एडीजी और एसपी के निर्देश पर सीओ ने की कार्रवाई

अधिकारियों के निर्देश पर सोमवार की शाम नगर के बाईपास चौराहा के समीप एक पेट्रोल पंप के सामने स्थित ढाबे पर सीओ अमित चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापा मारकर दिल्ली सवारियां भरकर ले जा रही अवैध रूप से संचालित दो डग्गामार बसों को पकड़कर उन्हें सीज कर दिया। सीओ अमित चौरसिया ने बताया कि अभी शाम को एक ढाबे पर दो डग्गामार बसों को सीज किया गया है। नगर के दूसरे एक ढाबे पर भी बसों के संचालन की सूचना प्राप्त हुई है, वहां पर भी डग्गामार बसों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**टीबी से बचाव** | पोषण सहायता से बीमारी और मृत्युदर में आएगी कमी, 8,810 थी संख्या, जनवरी से अब तक 1665 मरीज हुए ठीक

# मरीजों को 500 रुपये प्रतिमाह की जगह मिलेगा 1000 भत्ता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** पर्याप्त पोषण सहायता सुनिश्चित करने और टीबी से संबंधित बीमारी और मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से सरकार निक्षय पोषण योजना के माध्यम से पोषण सहायता की धनराशि को 500 से बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह कर दी है। इसका लाभ सभी टीबी के मरीजों को मिलेगा। जिले में 7 हजार 145 टीबी के मरीज है।

जिले में टीबी के 8,810 मरीज थे, जिसमें जनवरी से अब तक 1665 मरीज ठीक हो गए है। वर्तमान समय में 7 हजार 145 मरीजों का इलाज चल रहा है।



टीबी अस्पताल।

मरीजों को उपचार के साथ विभाग की तरफ से अन्य सुविधाएं भी दी जाती है। पुराना जिला अस्पताल में टीबी अस्पताल है। यहां पर दवा

- जिले के 7 हजार 145 टीबी के मरीजों को मिलेगा योजना का लाभ

लेने वाले मरीजों में टीबी की जांच के लिए बलगम की जांच कराई जाती है।

प्रत्येक सीएचसी पर भी बलगम की जांच होती है। प्रदेश सरकार ने अप्रैल 2018 से निक्षय पोषण योजना के तहत राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सभी टीबी के रोगियों को 500 रुपये प्रतिमाह प्रदान किया जाता था। अब धनराशि बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह कर दी गयी है। यह वृद्धि एक नवंबर 2024 से लागू हो गयी है। यह धनराशि पुराने और नए मरीजों को मिलेगी। एसीएमओ डॉ. अनवार अली ने बताया कि टीबी के मरीजों को अब प्रतिमाह एक हजार रुपये धनराशि मिलेगी।

### 620 मरीज लिए जा चुके है गोद

अधिकारियों, राइस मिल मालिक और अन्य कंपनियों ने टीबी के 620 मरीजों को गोद लिया है। सरकार की तरफ से इनको धनराशि दी जाती है। साथ ही गोद लेने वाले अधिकारी व कंपनियां मरीजों को फल आदि उपलब्ध कराती है। उन मरीजों को गोद लिया जाता है, जो काफी गरीब होते है। मरीजों को गोद लेने का सिलसिला जारी है। एक गांव में दो या तीन मरीज मिलते है तो प्रधान की मदद से गांव में प्रचार-प्रसार कराया जाता है।

### बीमारी के लक्षण

तीन सप्ताह से अधिक खांसी आना, सीने में खांसते समय दर्द होना, बलगम में खून आना, हर समय थकान महसूस होना, रात को पसीना आना और ठंड लगना, भूख कम लगना और वजन दिन पर दिन घटना आदि लक्षण है। यदि किसी को टीबी के लक्षण है तो उसके खाने के बर्तन अलग होने चाहिए, उसका बिस्तर अलग होना चाहिए, खांसते समय मुंह पर रुमाल रखना चाहिए। इन मरीजों के कपड़े अलग रखे जाते है।

> सरकार के निक्षय पोषण योजना के माध्यम से पोषण सहायता की धनराशि को 500 से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दी गयी है। इसका लाभ सभी मरीजों को मिलेगा। **-डॉ. आरके गौतम,** सीएमओ

## एक नजर

### क्रय केंद्र पर हैंडपंप खराब

**कलान।** थाना रोड पर स्थित साधन सहकारी संघ पर लगा इंडियामार्का हैंडपंप कई महीनों से खराब है। केंद्र प्रभारी परिमाण सिंह ने बताया है कि हैंडपंप महीनों से खराब है। नगर पंचायत को इस संबंध में सूचना दी गई है लेकिन अभी तक हैंडपंप ठीक नहीं किया गया है। जिस कारण धान विक्रेताओं को पीने के पानी के लिए समस्या बनी हुई है।

### मंदिर पर कलश स्थापना

**जैतीपुर।** बझेड़ा भगवानपुर में ग्रामीणों ने देवी मंदिर के ऊपर कलश स्थापना से पूर्व रामगंगा के डांडी घाट से जल भरकर कलश यात्रा निकाली। इसके बाद मंदिर के शीर्ष पर कलश स्थापना की गई। जगदीश बाबा, संजीव मिश्रा, अरविंद, मोहनलाल, गुड्डू, रवि, सोनपाल, संजय कुमार, मुन्नलाल, रामचन्द्र सिंह, वीरपाल आदि का सहयोग रहा।

### पिता-पुत्र को पीटा

**कलान।** परौर थाना क्षेत्र के गांव दमुलिया निवासी परविंदर एवं शेरबहादुर में मंगलवार को मामूली कहासुनी हो गई। जिसके चलते एक पक्ष के शेरबहादुर व उनकी पत्नी विमला देवी और पुत्र पुष्पेंद्र मारपीट में घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने मेडिकल के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है।

# गांव छोड़ दूसरे गांव वालों को बनाया मनरेगा मजदूर

## बंडा के गांव लालपुर आजादपुर का मामला, दस किलो मीटर दूर से लेबर बुलाकर करा दी तालाब की सफाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



तालाब में सफाई करते मनरेगा मजदूर। (फाइल फोटो)। ● अमृत विचार

- ग्रामीणों की शिकायत पर सीडीओ ने बीडीओ बंडा को सौंपी जांच
- दो बार में होगी जांच, दूसरी बार जिला स्तरीय अधिकारी करेंगे पड़ताल

**अमृत विचार:** बंडा के गांव लालपुर आजादपुर में मनरेगा के तहत कराई गई तालाब की सफाई में गड़बड़ी सामने आई है। मनरेगा के कार्मिकों ने ग्राम पंचायत को छोड़कर दूसरे गांव की लेबर और महिलाओं को मनरेगा का श्रमिक दिखा दिया और लाखों रुपये निकाल लिए। यही नहीं ब्लॉक के जिम्मेदार कार्मिकों ने दिखाया कि उन्होंने दस किलो मीटर दूर से लेबर मंगवा कर उनसे कार्य कराया है। जबकि यह कार्य ग्राम पंचायत की लेबर से ही कराया जा सकता था। एक ही परिवार के कई लोगों के खाते में 25 से 30 हजार रुपये प्रति व्यक्ति और 25-30 लोगों के खाते में लाखों रुपये ट्रांसफर कर दिए गए। जबकि 25-30 मजदूरों के खाते में इतना पैसा बतौर मजदूरी नहीं भेजा जा सकता है। ग्रामीणों की शिकायत पर सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। दो स्तर पर जांच की जाएगी। पहले स्तर की जांच बंडा बीडीओ को सौंपी गई है। जबकि दूसरे स्तर की जांच जिला स्तरीय अधिकारी करेंगे। जांच का आदेश होने के बाद संबंधित कार्मिकों में खलबली मची हुई है।

बंडा ब्लॉक के गांव लालपुर आजादपुर निवासी रामगोपाल ने मंगलवार को ग्रामीणों के साथ पहुंच कर विकास भवन में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह से मुलाकात की। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके गांव में मनरेगा का कार्य चल रहा है। जिसमें मजदूरों की ओर से कुल कार्य आठ से दस दिन तक किया गया है जबकि कार्मिकों की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।

अपने चहेतों के जॉब कार्ड पर 43 से 50 दिन की फर्जी हाजिरी का कार्य दिखाया जा रहा है। इसके अलावा 50 से 60 सिंघापुर पनई के कार्ड धारकों के खातों में धनराशि को ट्रांसफर किया गया है। जबकि सिंघापुर पनई हमारी ग्राम पंचायत में नहीं आता है। इसकी दूरी लगभग 10 किमी से अधिक है। इसके अलावा अधिकांश जॉब कार्ड धारक महिलाएं दर्शाई गई हैं। जो कार्डधारक हकीकत में मेहनत करते हैं उनकी हाजिरी नियमानुसार 7 से 8 कार्यदिवस की लगी हुई है। मिलीभगत के चलते तमाम कार्ड धारकों के खाते में पैसा भेजा गया है और बाद में इसका बंदरबांट कर लिया गया। कार्मिक अपने चंद चहेतों के कार्डों में फर्जी हाजिरी लगाकर पैसा निकाल लेते हैं। जबकि दूसरे गांव का कोई भी कार्डधारक व महिला कार्य करने नहीं आया है। जबकि दो लाख से ढाई लाख रुपये चंद जॉब कार्ड धारकों के खातों में व सिंघापुर पनई की महिलाओं के खातों में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। सीडीओ ने बंडा बीडीओ को जांच सौंपी है। बीडीओ की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

### कई बार की शिकायत... मिली धमकी

गांव के लोगों ने इसकी शिकायत मौखिक रूप से ब्लॉक की ओर से नियुक्त अधिकारियों से की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा उन्हें ही धमकी दी गई। ग्रामीणों ने कहा कि मामले में जो भी टीम जांच के लिए गठित की जाए उसकी जानकारी उन्हें दी जाए ताकि वह टीम को साक्ष्य दे सकें। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाए।

> लालपुर आजादपुर के ग्रामीण शिकायत लेकर सीडीओ से मिले हैं। मामले की जांच बीडीओ बंडा को सौंपी गई है। बीडीओ की रिपोर्ट आने के बाद दूसरी जांच भी कराई जा सकती है। अगर कोई दोषी है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। **-बाल गोविंद,** डीसी मनरेगा।



मंदिर में मातारानी के दर्शन को उमड़े लोग। ● अमृत विचार

# दुर्गा देवी मंदिर के कपाट छह महीने के लिए हुए बंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अब चैत्र मास के नवरात्र में मिलेंगे श्रद्धालुओं को माता रानी के दर्शन
- मंगलवार को दो बजे के बाद मां के कपाट छह महीने के लिए फिर बंद हो गए

**अमृत विचार:** कुर्रिया कलां के प्रसिद्ध दुर्गा देवी मंदिर के कपाट 13 अक्टूबर को पूजा अर्चना के बाद मंदिर के पुजारी गुरुदेव दीक्षित ने सुबह चार बजे खोल दिए थे।

मंगलवार को दो बजे के बाद चैत्र मास तक के लिए मां के कपाट छह महीने के लिए फिर बंद हो गए। हर बार की तरह श्रद्धालुओं ने तीन दिन मां के दर्शन किए। मंदिर के सहायक प्रबंधक मनुज दीक्षित ने बताया कि आज दो बजे से मंदिर के कपाट अगले छह महीने के लिए बंद कर दिए गए। अब मंदिर के कपाट चैत्र मास के नवरात्र में खुलेंगे।

## सार-संक्षेप

### नामांकन पत्र निरस्त किए जाने से वकीलों में रोष



**पुवायां, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति के निर्वाचन अधिकारी के द्वारा नामांकन पत्र निरस्त किए जाने को लेकर वकीलों में रोष है। उन्होंने एसडीएम को पत्र देकर दोबारा चुनाव करवाने की मांग की। मंगलवार को बंडा निवासी वकील कुमार, गौरव शुक्ला ने साथी वकीलों के साथ एसडीएम को पत्र सौंपा। दिए पत्र में कहा कि मेरी माता कमल क्रांति पत्नी सुरेश चंद्र ने 10 अक्टूबर को सहकारी गन्ना विकास समिति में बंडा सीट से संचालक पद पर नामांकन पत्र दाखिल किया था, जो कि 11 अक्टूबर को जांच के दौरान बगैर कारण बताए सत्ता के दबाव में निर्वाचन अधिकारी के द्वारा अवैध तरीके से नामांकन पत्र को खारिज कर दिया गया। जिस पर बार संघ के महामंत्री कुमार गौरव शुक्ला समेत बार संघ के सभी सदस्यों एवं उनके समर्थको में काफी रोष व्याप्त है। गौरव शुक्ला का कहना है कि सभी बिंदुओं की जांच कराकर निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए साथ ही चुनाव प्रक्रिया रद्द करवाकर दोबारा चुनाव कराया जाए। एसडीएम को पत्र देते समय के बार संघ के सदस्य मौजूद रहे।

### विवाहोत्सव में सात कन्याओं का कराया जाएगा विवाह




**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कार्तिक मास में कृष्णा नगर मंदिर की ओर से 17 अक्टूबर से प्रतिदिन प्रभात फेरी निकालने का निर्णय लिया गया है। समापन पर 18 नवंबर को युवा सेवा समिति एवं श्री राधा नाम संकीर्तन मंडल एवं श्री कृष्णा मंदिर कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में भगवान सालिगराम संग माता तुलसी का विवाहोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें सात कन्याओं का सामूहिक विवाह होगा। कार्तिक मास के आयोजन के संबंध में मंगलवार को समिति ने मीडिया को जानकारी दी। मंदिर समिति के प्रधान सुशील नारंग ने बताया कि 17 अक्टूबर से प्रतिदिन सुबह सात बजे मंदिर से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। 15 नवंबर को गंगा स्नान होने के कारण कार्तिक कथा का भोग होगा। उप प्रधान हरीश बजाज ने बताया कि 16 को तुलसी का सालिग्राम के साथ विवाहोत्सव और सात कन्याओं का विवाह कराया जाएगा। मीडिया प्रभारी दीप गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि प्रतिदिन की प्रभातफेरी के बाद श्रद्धालुओं की ओर से उनके आवास अथवा मंदिर परिसर में कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए श्रद्धालुओं को दिवस आवंटित कर दिए गए हैं। युवा सेवा समिति के अध्यक्ष संजीव सचदेवा, नवीन सचदेवा, मंदिर पुजारी पंडित अखिलेश शास्त्री आदि मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने गुवाहाटी एक्सप्रेस की पेंट्री कार चेक की

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों के निर्देश पर रेलवे के स्वास्थ्य निरीक्षकों ने गुवाहाटी एक्सप्रेस को चेक किया। अनाधिकृत वेंडर में अफरा-तफरी मच गयी। रोजा के स्वास्थ्य निरीक्षक राजकुमार और शाहजहांपुर के स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिलोक चंद्र ने मंगलवार की सुबह अप लाइन की गुवाहाटी एक्सप्रेस को टीम के साथ चेक किया। इस दौरान अनाधिकृत वेंडर प्लेटफार्म पर ट्रेन से कूदकर भाग गए। दोनों अधिकारियों ने पेंट्री कार का खाना को चेक करते हुए सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने सभी कागजात चेक किए। दोनों अधिकारियों ने यात्रियों से कहा कि अधिकृत वेंडर से ट्रेन में सामान खरीदे ओर सामान खरीदते समय बिल ले तथा सामान की एक्सपायरी तिथि जरूर देख लें। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। दोनों अधिकारियों ने बताया कि अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### उत्तराखंड के दो वाहनों का नंबर एक, दो युवक पकड़े

**खुटार, अमृत विचार :** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो वाहन एक ही नंबर के पकड़े है। दोनों युवक उत्तराखंड के रहने वाले है और गाड़ी भी। पुलिस ने युवकों को हिरासत में ले लिया है। मंगलवार रात खुटार में मेन रोड पर देशी शराब की दुकान के पास करीब दस बजे एक स्विफ्ट डिजायर और हांडा की गाड़ी खड़ी थी। इन दोनों गाड़ियों पर लगी प्लेट पर उत्तराखंड का नंबर लिखा हुआ था। मामला संदिग्ध लगने के बाद लोगों ने सूचना थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार को दी। पुलिस ने वाहनों के साथ खड़े युवकों को पकड़ लिया। इसके बाद वाहन सहित दोनों को थाने ले आए। जहां पुलिस पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि दो वाहन के आगे प्लेट पर लिखे एक ही नंबर किसी वारदात की ओर इशारा कर रहे है। हालांकि पुलिस को वाहन से कुछ बरामद नहीं हुआ है।

### निर्माण कार्यों को लेकर एडीएम न्यायिक ने दिए निर्देश

**तिलहर, अमृत विचार :** एडीएम न्यायिक ने तिलहर पहुंचकर नगर पालिका के कराए गए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को एडीएम न्यायिक राशिद अली खान ने सबसे पहले मुस्तफाबाद मोहल्ला में स्थित खड़ंजा निर्माण कार्य, इसके बाद चीकू वाले बाग के पास स्थित नाला निर्माण और इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने डाली जा रही पानी की लाइन के दौरान सड़क को तोड़कर सही नहीं करने के मामले में नाराजगी जताई। उन्होंने वरिष्ठ लिपिक अय्यूब व अरविंद कुमार को नगर पालिका विभाग की देखरेख में सड़कों को ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार समेत जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ कराया जाए। जिससे निर्माण लंबे समय तक चले।

# बड़ी ग्यारहवीं शरीफ पर हुई नज़र-ओ-नियाज़

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एक मीनार मस्जिद में जश्ने गौसुलवरा, बांटा गया लंगर

**अमृत विचार:** मोहल्ला एमनजई जलालनगर स्थित मलकों वाली एक मीनार मस्जिद में मंगलवार को जश्ने गौसुलवरा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी ग्यारहवीं शरीफ पर नज़र ओ नियाज़ कराकर लोगों में लंगर बांटा गया।

महफ़िल का आगाज हाफिज अयान रजा ने तिलावत ए कुरआन से किया। मस्जिद के खतीब व इमाम हाफिज मोहम्मद इमरान रज़ा कादरी ने कहा कि बड़े पीर अब्दुल कादिर जीलानी रज़ी का वलियों में वही मकाम है, जो नबियों में हुजूर ए अकरम का है। गौस पाक की निगाहें करम जिस पर पड़ जाती थी, उसका दिल रोशन हो जाता था। हम सभी को हुजूर गौस पाक की तालीमात पर अमल करना चाहिए। इस दौरान अदनान रज़ा, मो. फ़रमान रज़ा, मो. नवाज़, अयान रज़ा, चमन खां ने नात व मनक़बत पेश की। सलाम ए मुस्तफा के बाद फातेहा ख्वानी हुई। खलीफा ताजुश्शरिया हाफिज फिरासत उल्ला खां रज़वी ने कौम व मिल्लत की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की।

समापन पर लंगर बांटा गया। इस मौके पर हाजी कमाल अहमद खां, हाजी अयूब हसन खां, राशिद हुसैन खां, मोहम्मद कैफ, वासिफ खान, हाजी मेहदी हसन, इश्तियाक अहमद, मो. मुर्तजा, खुशहाल खां, सफदर खां, इमरान खां, जुनैद खान आदि मौजूद रहे।

# एक-दूसरे के प्रति सहयोग, त्याग और प्रेम रखें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



महिला को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

- महिला किसान दिवस पर उप कृषि कार्यालय के सभागार में हुए कार्यक्रम में बोले डीडी कृषि

**अमृत विचार:** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत मंगलवार को महिला किसान दिवस का आयोजन उप कृषि निदेशक कार्यालय सभागार लोधीपुर में किया गया। जिसमें प्रगतिशील महिला किसान को समूह गठन, महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आदि विषय पर चर्चा की गई।

कृषि व सहयोगी विभाग पशुपालन, उद्यान, गन्ना व मत्स्य की प्रगतिशील महिला किसानों, समूह की अध्यक्षों और सदस्यों सहित 100 से अधिक महिलाओं की ओर से प्रतिभाग किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. नूतन वर्मा ने कृषि विज्ञान केंद्र महिलाओं के सशक्तिकरण को चलाए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी दी। पशुपालन विभाग से डॉ. इंद्रजीत सिंह ने पशुओं में होने वाली मौसमी बीमारियों व उनके उपचार को टीकाकरण अवश्य कराए जाने पर चर्चा की। डॉ. अरुण कुमार ने प्राकृतिक खेती विषय पर महिलाओं का जागरूक किया। डीडी कृषि धीरेंद्र सिंह ने कहा कि समूह की सफलता के लिए समूह के सभी सदस्य एक दूसरे के प्रति सहयोग, त्याग और प्रेम रखें। जिससे समूह का संचालन सफलतापूर्वक किया जा सके। उन्होंने कहा कि अगर महिलाओं को समाज और परिवार का सहयोग मिले तो महिलाएं अधिक सफल हो सकती हैं। साथ ही कहा कि अगर महिलाएं ड्रैगन फ्रूट की खेती को प्रशिक्षण लेती हैं तो वह नाम उपलब्ध करा दें, जल्द ही उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। सक्रिय महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष मंजू सिंह, दीप्ति अग्निहोत्री, लकी मिश्रा की ओर से समूहों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती आरपी राना, जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार, कृषि वैज्ञानिक आरडी तिवारी ने प्रतिभाग किया गया। संचालन अशोक कुमार व आभार उप कृषि निदेशक ने व्यक्त किया।

### इन्हें किया गया उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

इस दौरान राखी, अंजू सिंह, ऊषा वर्मा, अर्कजा तोमर, रोशनी सिंह, रामसुखी, रेशमा देवी, पूजा शर्मा, शकुंतला, पुष्पा देवी, मंजू देवी, उमा देवी, लकी मिश्री, सुगरा बी, सुनीता सिंह, शालिनी सिंह, वंदना को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# यातायात नियमों का पालन करना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



जीएफ कॉलेज में शिक्षकों के साथ जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता के विजेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जीएफ कॉलेज में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में जनपद की कईं उच्च शिक्षण संस्थाओं की टीमों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर क्विज, पोस्टर मेकिंग, निबंध आदि प्रतियोगिताएं कराई गईं।

इस मौके पर सड़क सुरक्षा अभियान के जनपद नोडल अधिकारी प्रोफेसर आरके सिंह ने कहा कि वाहन चलाते समय हमें यातायात नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए और मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। मेजबान कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खां ने कहा कि वाहन चालक को सीट बेल्ट और टू-व्हीलर चालक को हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए। साइन बोर्ड एवं यातायात संकेतों का पालन करना भी जरूरी हो जाता है। सड़क सुरक्षा के इंचार्ज डॉ. रईस अहमद के संचालन में चले कार्यक्रम में डॉ. सैयद सुहेल अख्तर नकवी, डॉ. रियाज अहमद, डॉ. रिफाकत हुसैन, डॉ. अनमोल सक्सेना आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. नरेश पाल, डॉ. अनूप कुमार, मखफी फातिमा, विदुषी एवं डॉ. सुभाष ने निभाई।

### आयशा, यशी, उरूज ने जीती सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता

निबंध प्रतियोगिता में जीएफ की आयशा ने प्रथम, सन इंस्टीट्यूट की पल्लवी ने द्वितीय एवं आर्य महिला महाविद्यालय की मोहनी देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में जीएफ की यशी गुप्ता ने प्रथम और जुहैरा सैयद ने द्वितीय स्थान और सन इंस्टीट्यूट की शबाना ने तृतीय स्थान पाया। क्विज में जीएफ की उरूज़ फातिमा ने प्रथम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय तिलहर की अजली खान ने द्वितीय, जीएफ कॉलेज की वरीशा खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



प्रतियोगिता में टीएलएम का आंकलन करते निर्णायककर्ता। ● अमृत विचार

### बबिता, कविता, लक्ष्मी, मंजू और ऋचा जीतीं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को हुई पांचवीं जिला स्तरीय कला क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलो के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्राथमिक विद्यालय कुतुआपुर की प्रधान अध्यापिका बबिता श्रीवास्तव, प्राथमिक स्कूल पीरू की शिक्षिका कविता तिवारी, उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगटोरा की लक्ष्मी सिंह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कांट की मंजू देवी एवं बथुई की ऋचा शर्मा को विजेता घोषित किया गया। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण प्रभारी बी एल मौर्य ने टीएलएम का अवलोकन कर शिक्षकों के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के नोडल अमित कुमार बंशवार ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक राज्य स्तर पर 21 से 25 अक्तूबर तक होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। निर्णायक मंडल में डॉ. मो. कमर, सुनीता देवी, विशाल चंद्रा शामिल रहे। आयोजन में प्रवक्ता अमन कुमार, राकेश कुमार पटेल, शशांक पांडेय, जमाल अख्तर आदि का सहयोग रहा।

# स्कूल धराशायी... मंदिर में पढ़ रहे बच्चे

संवाददाता, खुदागंज

- खुदागंज के गांव रामेश्वर गंज गोटिया में गर्रा की बाढ़ से पहुंचा स्कूल को नुकसान
- गांव का संपर्क मार्ग पूरी तरह जर्जर, मूलभूत सुविधाओं से महरूम हैं ग्रामीण

**अमृत विचार:** विकास क्षेत्र खुदागंज के गांव रामेश्वर गंज गोटिया में गर्रा की बाढ़ से प्राथमिक विद्यालय का भवन धराशायी हो गया। जिसके चलते यहां के नौनिहाल गांव स्थित देवस्थान पर खुले मैदान में पढ़ाई कर रहे हैं लेकिन विभाग द्वारा इस और अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

प्रधान रघुनंदन प्रसाद ने बताया कि यहां पर औपचारिक व्यवस्था की गई है, स्कूल में बैठने की जगह नहीं है। पूरा भवन टूट गया है, इसके लिए जब धनराशि मुहैया कराई जाएगी, तभी भवन का निर्माण हो सकेगा। विद्यालय भवन न होने से छात्र-छात्राओं की संख्या घटकर आधे से भी काम रह गई है।

गांव के संपर्क मार्ग और खड़ंजे पूरी तरह जर्जर हैं। जिसके चलते यहां का विकास भी पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से भी महरूम है।



रामेश्वर गंज गोटिया में टूटा प्राथमिक विद्यालय। ● अमृत विचार



गांव स्थित देवी स्थान पर पढ़ाई कर रहे नौनिहाल। ● अमृत विचार

# अवैध कटान की डीएफओ को भेजी रिपोर्ट

संवाददाता, खुटार

- लापरवाही बरतने वाले वनकर्मियों पर कार्रवाई तय
- गर्दन फंसती देख अज्ञात में काटा गया केस

**अमृत विचार:** एसडीओ ने जांच के बाद मंगलवार को अवैध कटान की रिपोर्ट डीएफओ नवीन खंडेलवाल को भेज दी है। एसडीओ ने लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। हालांकि इस मामले में जांच चल रही है।

खुटार के सिहुरा वन चौकी के नजदीक बरनई जंगल में 11 अक्टूबर को माफियाओं ने श्रमिकों को साथ ले जाकर रातों रात बेशकीमती कोरों के चार पेड़ काट दिए थे और रात को ही वाहन से लकड़ी लेकर चले गए थे। लकड़ी की कीमत एक से डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। जंगल में अवैध कटान की सूचना खुटार वनकर्मियों को दी गई थी। लेकिन कोई नहीं पहुंचा। इसके बाद शिकायत जिला शाहजहांपुर के कार्यवाहक डीएफओ नवीन खंडेलवाल को दी गई थी। डीएफओ के आदेश पर 14 अक्टूबर को एसडीओ डॉ. सुशील कुमार अवैध कटान के स्थान पर पहुंचे। जहां कुछ वॉचर दो बोटा लकड़ी हटाने में लगे थे। पूछताछ के बाद चार पेड़ का अवैध कटान मिला। अचानक एसडीओ के पहुंचने की खबर पर खुटार के वनकर्मी पहुंच गए। एसडीओ के पूछताछ करने पर वनकर्मी कोई सही जवाब नहीं दे सके। मंगलवार को वनकर्मी संतोष गौड़ ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं एसडीओ ने जांच के बाद डीएफओ को रिपोर्ट भेज दी है।

> जंगल मे हुए कोरों के पेड़ों के अवैध कटान की रिपोर्ट डीएफओ को भेज दी गई है। खुटार के वन कर्मियों द्वारा अभी अपनी रिपोर्ट नही दी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।
> **-डॉ. सुशील कुमार,** एसडीओ वन विभाग

### चोरी के मोबाइल समेत दो युवक गिरफ्तार

**जलालाबाद, अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर पुलिस ने दो मोबाइल चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक चोरी का मोबाइल बरामद किया है। पकड़े गए अभियुक्त बाइक चलाते समय लोगों का बात करते समय मोबाइल छीन लेते थे। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि अंकित निवासी तिकोला थाना जलालाबाद ने 26 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह मोबाइल से बात करते हुए जा रहा था। खंडहर रोड बाइक पर सवार दो युवक झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीनकर भाग गए थे। पुलिस ने मोबाइल के नंबर को सर्विलांस पर लगाया। पुलिस ने मंगलवार सुबह दस बजे रुस्तमपुर गांव के निकट दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त फारुख व सूरज निवासी रुस्तमपुर थाना जलालाबाद है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से छीना गया मोबाइल बरामद कर बाइक सीज कर दी। टीम में उप निरीक्षक राजकुमार सिंह, सिपाही अतुल कुमार, दिनेश कुमार, अनिल नागर, भूमेश भाटी थे।



मुख्य प्रेरक को सुनते शहर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और उनकी पत्नी। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद जनसमूह। ● अमृत विचार

# व्यर्थ की बातों का न करें चिंतन, देता जीवन भर पीड़ा

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र की ओर से बदायूं क्लब में हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आज हमारे अंदर सच को स्वीकारने की शक्ति नहीं है। हम मान, शान के इतने आदी हो गए हैं कि किसी के दो शब्द भी हमारी मन की स्थिति को बिगाड़ देते हैं। यह बात अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख प्रेरक वक्ता बीके शिवानी ने कही।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बदायूं स्थित सेवा केंद्र की ओर से बदायूं क्लब में उलझनों से उत्साह की ओर कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सभी लोग व्यर्थ की बातों का चिंतन करके मन में घाव बना लेते हैं। जो जीवन भर पीड़ा देते हैं। दूसरों की कमी, कमजोरी का चिंतन न करके अपनी और दूसरों की विशेषताओं का चिंतन करें। जिससे ज्यादा से ज्यादा लाभ ले सकें। हमारे बारे में कोई कुछ कहता है तो वह उसका स्वभाव व संस्कार है। दूसरों की सोच हमारा विकल्प नहीं है लेकिन हमारी सोच हमारा विकल्प है। हर कर्म सोच समझ कर करना है। कर्म आत्मा में सदा के लिए रिकॉर्ड होता है। अच्छा कर्म अच्छा भाग्य लेकर आता है। किसी के कर्मों का चिंतन भी हमारा भाग्य बिगाड़ देता है। खुशियां गायब कर देता है। बताया कि सहज राज योग का प्रशिक्षण 16 ,17,18 अक्टूबर को आवास विकास बदायूं में होगा। दिल्ली की ब्रह्माकुमारी बहन प्रशिक्षण निशुल्क देंगी। इच्छुक लोग सुबह 7 से 8 और शाम 6 से 7 बजे तक सेवा केंद्र पर पहुंचकर लाभ ले सकते हैं। कार्यक्रम में कासगंज जोन की प्रभारी ब्रह्माकुमारी सरोज, माउंट आबू के डॉ. सुभाष वीना, रागिनी, जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा, नगर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, सीओ ईरानी, शक्ति सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दीपमाला गोयल, सूर्य प्रकाश वैश्य, बदायूं क्लब के सचिव डॉ. अक्षत अशेष, अशोक नारंग, कवि नरेंद्र गरल, गुरमीत सिंह, नितिन अग्रवाल, वीरेंद्र ढींगरा, नवनीत गुप्ता, जितेंद्र गोस्वामी, रविंद्र मोहन सक्सेना आदि उपस्थित रहे। करुणा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुंबई आए से भजन गायक हरीश मोयल ने तू शाश्वत ज्योत स्वरूपा अप्रतम उजाला है तू गाकर और दीप प्रज्जवलित करके हुई।



कार्यक्रम में मौजूद लोगों को प्रेरणा देतीं अंतर्राष्ट्रीय मुख्य प्रेरक बीके शिवानी।



मुख्य प्रेरक बीके शिवानी का स्वागत करतीं नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा।

इससे पहले मुख्य प्रेरक बीके शिवानी का नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने स्वागत किया। कार्यक्रम के चलते पालिका अध्यक्ष की ओर से शहर में साफ-सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था दुरुस्त कराई। अध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम ने लोगों को सकारात्मकता की दिशा में नया रास्ता दिखाया। जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने को प्रेरित किया है।

# 3.94 लाख का लक्ष्य, एक सप्ताह में बने 8.5 हजार आयुष्मान कार्ड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **रोज 50 कार्ड बना रहीं आशाएं, राज्य सरकार को भेजा जा रहा डाटा**

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग को इस बार तीन लाख 94 हजार का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें से एक सप्ताह के अंदर 8 हजार 751 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। शेष आयुष्मान कार्ड बनाए जाने को अभियान चला कर काम किया जा रहा है। लेकिन अभियान शिथिल होने के कारण लक्ष्य हासिल कर पाना मुश्किल है।

7 अक्टूबर से आयुष्मान कार्ड बनाने को अभियान शुरू किया गया है। गरीब परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने को सरकार ने पांच अक्टूबर को आदेश जारी किया जिसमें जिले को 3 लाख 94 हजार आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य को हासिल करने को जिला प्रशासन ने सात अक्टूबर से अभियान शुरू करा दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए है। एएनएम और सीएचओ आयुष्मान कार्ड बना रहे हैं। प्रत्येक सीएचओ को प्रतिदिन 50 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया है। जिससे एक सप्ताह में 8751 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। शेष कार्ड बनाने के अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिए है।

आयुष्मान कार्ड के नोडल डॉ. वैभव कुमार ने मंगलवार को बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने की समय सीमा निर्धारित नहीं की गयी है। आयुष्मान कार्ड बनाने का डाटा प्रदेश सरकार को प्रतिदिन भेजा जा रहा है। गांवों में जिन लोगों की मौत हो चुकी है या फिर वह लोग बाहर रह रहे हैं उनका पूरा डाटा तैयार किया जा रहा है। अपात्र का आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया जा रहा है।

# लोगों को खिला दिया सूड़ी वाला आटा बरेली की मिल पर दो लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **मिलावट करने वाले 11 लोगों पर न्यायालय ने लगाया 7.90 लाख का जुर्माना**
- **पिछले साल त्योहार के सीजन में लिए गए थे सैंपल, जो हो गए थे फेल**

**अमृत विचार:** घाटा न सहना पड़े इसके लिए दुकानदार ने लोगों में सूड़ी वाला आटा बिक्री कर दिया। जिसका पता तब चला जब खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा उसका सैंपल लेकर को भेजा था। जिसमें सीलन लग चुकी थी। साथ ही कीड़े पड़ गए थे। सीजेएम कोर्ट ने निर्माता कंपनी पर दो लाख रुपये का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया है। इसके अलावा अधोमानक पनीर विक्रेता पर भी दो लाख रुपये और मिलावट करने वाले 11 लोगों पर 7.90 लाख का जुर्माना भरने का आदेश दिया है।

अभिहित अधिकारी सीएल यादव ने बताया कि त्योहारी सीजन के दौरान खाद्य विभाग द्वारा पिछले साल खाद्य पदार्थ के सैंपल लिए थे, जिन्हें जांच को लैब में भेजा गया था। सैंपल फेल आने पर निर्माता कंपनी और विक्रेताओं के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में मुकदमा पंजीकृत कराया था। कोर्ट ने 11 लोगों पर 7.90 लाख रुपये जुर्माने के भरने के आदेश दिया है। अभिहित अधिकारी ने बताया कि राजभोज आटा निर्माता कंपनी विश्वास एंटरप्राइजेज, होली चौक संजय नगर बरेली का आटा सील गया था। उसमें कीड़े पड़ गए थे। यह पुष्टि जांच के दौरान हुई। कोर्ट ने आटा निर्माता फर्म पर दो लाख रुपये जमा करने का आदेश दिया है। इसी तरह थाना बिनावर क्षेत्र के गांव सेमरमई निवासी मुनव्वर मिल्क प्रोडक्ट्स स्वामी मुनव्वर अली पर भी पनीर का सैंपल फेल आने पर दो लाख रुपये जमा करने का आदेश दिया है। इनके अलावा मिश्रित दूध का का सैंपल फेल आने पर थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव दुगरइया निवासी सज्जाक हुसैन पर 50 हजार, थाना उघैती क्षेत्र के गांव स्वरुपपुर निवासी मुनीम पुत्र लतीफ पर 70, थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव गदनपुर निवासी मुकेश पर 60 हजार रुपये जुर्माना भरने का आदेश कोर्ट ने दिया है। वहीं मैदा का सैंपल फेल आने पर जिला पीलीभीत के गांव रुपपुर कृपा स्थित फूड प्रोडक्ट्स पर 25 हजार, खराब बर्फी बिक्री करने वाले सहसवान के मोहल्ला अकबराबाद निवासी मुकेश कुमार पर 15 हजार, सरसों के तेल का सैंपल अधोमानक मिलने पर कस्बा उझानी निवासी विकास साहू पर 50 हजार, पनीर का सैंपल फेल होने पर गुरुपुरी चंदन निवासी बब्लू पर 70 हजार रुपये जमा करने का आदेश हुआ है। वहीं बिना पंजीकरण के दुकान संचालन करने पर अफसर कुरैशी, पवन कुमार गुप्ता पर 25-25 हजार रुपये जमा करने का आदेश कोर्ट ने दिया है।

## मलेरिया के 20 और डेंगू के मिले दो मरीज

**बदायूं, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को 13 गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगा कर बुखार के मरीजों की जांच की। विभिन्न गांवों में लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों में दो डेंगू के मरीज सामने आए और 19 मरीज मलेरिया पीवी के निकले जबकि एक मरीज मलेरिया पीएफ का निकला। सभी मरीजों को गांव में ही दवा दी गयी।

# बच्चों को अपने पास से सुविधाएं दे रहे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में नहीं आई कंपोजिट ग्रांट**

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में रंगाई पुताई तथा अन्य कार्यों के लिए कंपोजिट ग्रांट दी जाती है। परंतु आधा शैक्षिक सत्र बीत जाने के बाद भी अब तक कंपोजिट ग्रांट की धनराशि स्कूलों में नहीं पहुंची है। जिसके अभाव में शिक्षकों की जेब ढीली हो रही है। वह अपने पास ही व्यवस्थाओं को पूरा कर रहे हैं।

जिले में परिषदीय स्कूलों में छात्र संख्या के आधार पर हर साल कंपोजिट ग्रांट की धनराशि भेजी जाती है। सौ से कम बच्चे वाले स्कूल को 25 हजार, दो सौ बच्चे वाले स्कूलों को 50 और इससे अधिक बच्चों वाले स्कूल के लिए एक लाख रुपये कंपोजिट ग्रांट के दिए जाते हैं। इस धनराशि से स्कूल में रंगाई पुताई, हल्की मरम्मत कराने के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को शिक्षकों द्वारा पूरा किया जाता है। धनराशि न मिलने के बाद स्कूलों की अब तक रंगाई पुताई का काम नहीं हो सका है। साथ ही स्कूलों में अन्य व्यवस्थाओं को पूरा करने के लिए शिक्षकों को स्वयं के पास से धनराशि खर्च करनी पड़ रही है। शिक्षक नेता अरुण पांडेय ने बताया कि कंपोजिट ग्रांट जुलाई तक मिल जाती थी। लेकिन अभी तक नहीं मिली। बीएसए वीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि कंपोजिट ग्रांट स्कूलों में भेजने के लिए शासन स्तर से बजट विभाग को नहीं मिल सका है।

## वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र में सहसवान रोड स्थित गांव स्वरूपपुर के पास वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। एक युवक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर घायल को अस्पताल ले जा रहे थे रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवकों की जेब चेक की तो आधार कार्ड मिला। एक युवक का पता बिहार का था। पुलिस ने डेटा निकालकर संबंधित मोबाइल नंबर पर फ़ोन किया तो उसने बाइक की पहचान से इनकार कर दिया। पुलिस ने दोनों युवकों के शव मोर्चरी में रखवा दिए हैं। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

बीज का आवंटन | आलू बीज के लिए विभाग ने मांगे आवेदन, पहले आओ पहले पाओ पर मिलेगा

# किसानों को पांच सौ रुपए सस्ता मिलेगा आलू का बीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **उद्यान विभाग को मिला नौ सौ कुंतल आलू का बीज, 3495 आलू बीज का मूल्य हुआ घोषित**

**अमृत विचार:** उद्यान विभाग को आलू बीज का आवंटन हो गया है। नौ सौ कुंतल आलू बीज विभाग को प्राप्त हो गया है। पहले आवक पहले पावक के आधार पर किसानों को बीज मुहैया कराया जाएगा। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। शासन की ओर से बीज का रेट 3495 कुंतल रुपये घोषित किया गया है। परंतु सरकार ने 500 रुपये कम पर बीज उपलब्ध कराने के आदेश उद्यान विभाग को दिए हैं।

उद्यान विभाग की ओर से आठ सौ कुंतल आलू बीज के लिए शासन में डिमांड भेजी थी। जिस पर शासन की ओर से नौ सौ कुंतल बीज विभाग को उपलब्ध कराया है। जिसमें चिपसोना, कुफरी आनंद, सूर्या और ख्याति तथा स्राईसोना की वैरायटी शामिल हैं। विभाग को सबसे अधिक ख्याति प्रजाति का आलू बीज का आवंटन हुआ है। विभाग को ख्याति वैरायटी का तीन सौ कुंतल बीज मिला है। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि आलू का बीज पहले आवक पहले पावक के आधार पर किसानों में बांटा जाएगा। इसके लिए आवेदन मांगे जाने लगे हैं। बताया कि इस बार शासन की ओर से आलू बीज का रेट 3495 रुपये घोषित किया है। परंतु सस्ता बीज उपलब्ध कराने के लिए पांच सौ रुपये कम कर दिए हैं। अब किसानों को 2995 रुपये कुंतल के हिसाब से आलू का बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

### 21 हेक्टेयर पैदावार का मिला लक्ष्य

उद्यान विभाग को 21 हजार हेक्टेयर भूमि पर आलू खेती के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। परंतु जिले में हर वर्ष करीब 30 हजार हेक्टेयर भूमि पर आलू की खेती की जाती है। परंतु इस बार किसान को बाजार में आलू का अच्छा भाव मिला है। वर्तमान में पचास किलो का कट्टा 14 रुपये का बिक रहा है। ऐसी स्थिति में आलू के रकबे में बढ़ोतरी होना संभव है। उद्यान विभाग के मुताबिक इस बार करीब 35 हजार हेक्टेयर भूमि पर आलू की पैदावार होगी।

### 56 प्रतिशत हुई आलू की निकासी

जिले में करीब 78 कोल्ड स्टोर संचालित है। इनमें करीब पांच हजार मीट्रिक टन का भंडार गत वर्ष किया गया था। उद्यान विभाग की ओर से कोल्ड स्टोर संचालकों को 31 अक्टूबर तक कोल्ड स्टोर खाली करने के आदेश दिए गए हैं। अब तक 56 प्रतिशत आलू की निकासी कोल्ड स्टोर से हो चुकी है। 25 प्रतिशत बीज का आलू छोडकर करीब 18 प्रतिशत आलू की निकासी और होनी शेष रह गई है। ऐसे में आलू की कीमतों में और उछाल आने की संभावना उद्यान विभाग द्वारा व्यक्त की जा रही है।

## युवक से ठगी

**कछला, अमृत विचार :** कछला स्थित मुख्य चौराहे पर बस का इंतजार कर रहे युवक को तीन राहगीरों ने ठगी का शिकार बनाया। गांव अमीरगंज निवासी रमेश कश्यप चौराहे पर बस के इंतजार में खड़ा था। एक युवक आया और जेब में कितने रुपये हैं। रमेश ने छह हजार रुपये बताए। तभी दो युवक पहुंचे उन्होंने उसे बातों में उलझा लिया और रुपये लिफाफे में रखवा लिए। रास्ते में वह उतर गये। रमेश ने लिफाफा खोलकर देखा तो ठगी का अहसास हुआ। लिफाफे में कागज के टुकड़े थे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस तीनों युवकों की तलाश कर रही है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
● हिस्टीरिया, मिर्गी
● सिर दर्द, माइग्रेन
● डिप्रेशन, घबराहट
● स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
● नशे की आदत
● डिमोशिया
● याद्दाश्त कम होना
● बच्चों में चंचलता
● पागलपन बुदबुदाना
● बिस्तर गीला करना
● बेवजह शक करना
● नींद न आना
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर (उ.प्र.)
Ph.: 7521001988, 7521001989
विशेष कैम्प 2 अक्तूबर से प्रारम्भ
मुफ्त परामर्श
मुफ्त आपरेशन दवाईयों का खर्चा अतिरिक्त
डिलीवरी एवं सिजेरियन मुफ्त सहयोग राशि 1000/- प्रति डिलीवरी
मुफ्त टीकाकरण
मुफ्त भर्ती व भर्ती मरीजों का
कलर अल्ट्रासाउण्ड 200/- रुपये, एक्स-रे 50/- रुपये मात्र, ECG 20/- रुपये मात्र व सिर का सी.टी. स्कैन 800/- रुपये मात्र
सिर का एम. आर. आई. 2000/- रुपये मात्र
वाह्य रोगी विभाग की जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट
मरीजों का रजिस्ट्रेशन मुफ्त
भर्ती मरीजों की जांचें 75% छूट पर
मोतियाबिन्द ऑपरेशन व लैंस मुफ्त
ओ.पी.डी. का समय सुबह 9 से 3 बजे तक
इमरजेन्सी 24 घंटे ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे
दवाईयों में 20% छूट
कैम्प द्वारा भर्ती मरीजों का खाना मुफ्त
उपलब्ध विभाग एवं सुविधायें
अस्थिरोग विभाग
नेलिंग, प्लेटिंग, इन्टर लॉकिंग नेलिंग, जोड़ों का बदलना कूल्हे एवं घुटने के जोड़ की आधुनिकतम सर्जरी।
सर्जरी विभाग
पेट के समस्त आपरेशन, कैंसर के जटिल ऑपरेशन, हार्निया, पित्त की थैली आदि के आपरेशन।
जच्चा बच्चा व स्त्री रोग विभाग
डिलीवरी की सुविधा, सिजेरियन, बच्चेदानी के ऑपरेशन
बाल रोग विभाग
नवजात शिशुओं एवं बच्चों की सभी प्रकार की बीमारियों की जांच व इलाज
मेडिसिन विभाग
पेट, जिगर रोड एवं पीलिया, तेजाब, अल्सर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग आदि।
नेत्र रोग विभाग
आंख की समस्त बीमारियों का इलाज व मोतियाबिन्द का ऑपरेशन।
नाक, कान, गला विभाग
नाक, कान एवं गले से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
दन्त रोग विभाग
समस्त प्रकार के दांतों के रोग का इलाज
त्वचा रोग विभाग
त्वचा से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज।
फिजियोथेरेपी विभाग
जोड़ों के दर्द, फालिज, नसों का सुन्नपन, रीढ़ की हड्डी की बीमारियों, गठिया आदि का इलाज।
छाती व सांस रोग विभाग
सांस टी.बी. की बीमारियों के लिए।
मस्तिष्क रोग विभाग
मिर्गी के दौरे तथा दिमागी परेशानी के लिये।
आई.सी.यू.
सभी विभाग में आई.सी.यू, अत्याधुनिक वैन्टीलेटरों के साथ गम्भीर मरीजों, एक्सीडेन्ट, पायजनिंग, दौरे व बेहोशी के मरीजों के लिए अत्याधुनिक गहन चिकित्सा कक्षा।
रेडियोलॉजी विभाग
सभी प्रकार के एक्स-रे अल्ट्रासाउण्ड, सी.टी.स्कैन, एम.आर.आई. एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध।
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, ग्रा. बन्थरा, शाहजहाँपुर

## एक नजर

### पिता-पुत्र समेत तीन को तीन-तीन साल की सजा

बदायूं,अमृत विचार : दो साल पहले पति-पत्नी को लाठी-डंडे मारकर चोटिल करने के आरोपी पिता-पुत्र और दामाद को अपर सत्र न्यायाधीश योगेश कुमार ने दोषी करार दिया है। तीनों दोषियों को तीन-तीन साल की सजा और 11-11 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव कंधरपुर निवासी सुरेंद्र ने इस्लामनगर पुलिस को 16 अप्रैल 2022 को तहरीर देकर बताया था कि उनका भाई वीरेंद्र और भाभी राजेश्वरी खेत पर मक्का की फसल रखाने गए थे। इसी दौरान गांव निवासी वीरपाल पुत्र लखपत सिंह, उसका बेटा शेखू उर्फ जितेंद्र सिंह और वीरपाल का दामाद गांव करेंगी निवासी दीपक कुमार ने वीरेंद्र से गाली-गलौज शुरू कर दी। तीनों ने वीरेंद्र और राजेश्वरी को लाठी-डंडों से पीटा। इससे वह बेहोश हो गया। पुलिस ने मामले में चार्जशीट लगाई। मंगलवार को न्यायाधीश ने तीनों आरोपियों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है।

### हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज

बदायूं, अमृत विचार : थाना उसहैत क्षेत्र के गांव रिजोला निवासी ओमप्रताप सिंह पुत्र जगपाल सिंह सोमवार रात अपने घर से खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में किसी ने उन्हें गोली ओमप्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने शिवकुमार और रामवीर सिंह व दो अन्य लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज करके उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# सात साल से भटक रहे किसान को डीएम ने दिलाया नलकूप

## सहसवान के गांव सिठौलिया खाम के सूरज ने 2018 में निजी नलकूप के लिए आवेदन कर 47 हजार 560 रुपये जमा किए थे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


किसान सूरज को निजी नलकूप का सामान देतीं जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव।


किसान की परेशानी के बारे में जानकारी देतीं डीएम निधि श्रीवास्तव। साथ में एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन अरुण कुमार।

**अमृत विचार :** सालों से चल रहे समाधान दिवस, थाना दिवसों में आ रही जन समस्याओं से जनता तो परेशान है लेकिन अफसर उस पर ध्यान नहीं देते हैं। मौजूदा डीएम निधि श्रीवास्तव ने जनसमस्याओं के प्रति संवेदना दिखाई तो किसान के चेहरे पर खुशी तो झलकी साथ ही प्रशासनिक मशीनरी की लापरवाही भी सामने आई। सात साल से एक किसान निजी नलकूप लगवाने के लिए परेशान था। उसने बिजली विभाग का शुल्क भी जमा कर दिया लेकिन उसका नलकूप नहीं लग सका। किसान ने तहसील थाना और समाधान दिवसों में कई अर्जियां लगाई लेकिन सभी नक्कारखाने की तूती साबित हुई और इस तरह सात साल गुजर गये। किसान ने मौजूदा डीएम के सामने समाधान दिवस पर अर्जी लगाई तो उन्होंने जांच कराई । मामला बिजली अफसरों की लापरवाही का निकला। इस पर उन्होंने अफसरों को तो लताड़ लगाई। किसान को अपने आवास पर बुलाया और निजी नलकूप में लगने वाले ट्रांसफार्मर, तार, पोल,सहित पूरा सामान देकर गांव के लिए विदा किया। सात साल से परेशान किसान ने भी डीएम का आभार जताया और वहां से चला गया।

तहसील सहसवान क्षेत्र के गांव सिठौलिया खाम निवासी सूरज पुत्र खेमपाल ने पांच अक्टूबर को संपूर्ण समाधान में शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने बिजली विभाग की सामान्य योजना के अंतर्गत निजी नलकूप के लिए आवेदन किया था। 19 सितंबर 2018 को 47 हजार 560 रुपये जमा किए थे। अवर अभियंता राजेश चंद्र ने निजी नलकूप से दो पीसीसी पोल, 200 मीटर वीजल तार, एक स्टे वायर पास किया डीएम ने बिजली अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जांच का निर्देश दिया। अधिशासी अधिकारी पीके सागर ने मामले की जांच की। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग के भंडार उपखंड ने बताया कि आवेदक सामग्री लेने हीं पहुंचा था। जिसपर डीएम ने मंगलवार को किसान सूरज को अपने आवास पर बुलाया। उसे 25 केवीए का ट्रांसफार्मर, 896 मीटर वीजल कंडक्टर, 7 पीसीसी पोल, जीआई वायर व अन्य सामान दिलाया। निजी नलकूप का सामान मिलने पर किसान खासा खुश नहीं आया। उसने कहा कि पुराने अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया था लेकिन वर्तमान डीएम ने उनकी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण कराया। किसान ने डीएम को आभार जताया। इस अवसर पर एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, भंडार गृह के सहायक अभियंता नागेंद्र सिंह मौजूद रहे। डीएम के छह साल पुराने इस मामले के निस्तारण के बाद हर किसी ने उनके कार्य की सराहना की है।

- **रुपये जमा करने के बाद सामान के लिए लगाते रहे चक्कर, 5 अक्टूबर को डीएम से की थी मांग**
- **जांच कराने के बाद डीएम निधि श्रीवास्तव ने अपने आवास पर किसान को सौंपा सामान**

### शिकायत पर दिखाई गंभीरता, आगे और भी मामले आएंगे सामने

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष केपीएस राठौर ने बताया कि डीएम ने एक किसान की परेशानी को समझकर उसकी समस्या का निस्तारण कराया है। बिजली विभाग के भंडार गृह पर ऐसे और भी गंभीर मामले हैं। किसानों को निजी नलकूप के सामान के लिए परेशान किया जाता है। लाइनमैन रुपये मांगते हैं। अब यह मामला सामने आने के बाद और भी मामले सामने आएंगे।

> किसान ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की थी। जिसकी जांच कराई गई थी। जिसके बाद किसान को निजी नलकूप का सामान उपलब्ध कराया गया है। अन्य मामलों का भी समय से निस्तारण कराया जाएगा।
>
> – निधि श्रीवास्तव, डीएम

# गलत इंजेक्शन से किसान की हुई मौत, झोलाछाप पर आरोप

**उझानी ,अमृत विचार:** बुखार से पीड़ित किसान की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने झोलाछाप पर गलत इंजेक्शन लगाने से मौत होने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

- **किसान के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ दी तहरीर पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का कर रही इंतजार**

कोतवाली क्षेत्र के गांव मुरावन नगला निवासी तोताराम को पिछले कई दिनों से बुखार आ रहा था। परिजन किसान को सोमवार के दिन बुटला दौलत स्थित एक झोलाछाप के यहां इलाज को पहुंचे। आरोप है कि झोलाछाप ने किसान को लगातार दो इंजेक्शन लगाए। जिससे किसान की हालत अधिक खराब हो गई। इसके उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। परिजनों ने झोलाछाप के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पुलिस ने किसान के शव को पीएम के लिए भेज दिया। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मुकदमा पंजीकृत किए जाने की बात पुलिस द्वारा कही जा रही है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार जेई की मौत

संवाददाता, करियामई


मृतक शशि प्रकाश गुप्ता।

**अमृत विचार :** ड्यूटी करके घर लौट रहे बिजली विभाग के जेई को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जेई गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल जेई को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने जेई को बरेली रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान जेई की मौत हो गई। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचित किया।

जिला चंदौली के थाना चकिया क्षेत्र के गांव बलिया निवासी शशि प्रकाश गुप्ता बिजली विभाग में जूनियर इंजीनियर पद पर तैनात थे। वह इस्लामनगर क्षेत्र के कस्बा रुदायन के विद्युत उपकेंद्र पर तैनात थे। वह सोमवार शाम विद्युत उपकेंद्र पर काम निपटाने के बाद बाइक से वापस अपने बिसौली स्थित आवास पर लौट रहे थे। शाम लगभग सात बजे कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव सिद्धपुर के पास पीछे से तेज रफ्तार से आए ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जेई सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल जेई को सीएचसी ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। जेई को बरेली के अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ देर के बाद ही जेई ने दम तोड़ दिया। मंगलवार को बरेली की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

- **सोमवार शाम सात बजे बिसौली क्षेत्र के गांव सिद्धपुर के पास हुआ था हादसा**

### सड़क हादसे में घायल दूसरे युवक की भी मौत


मृतक संजीव।

करियामई ,अमृत विचार : सड़क हादसे में घायल युवक की छह दिन इलाज के दौरान मौत हो गई। 9 अक्टूबर को उसकी बाइक पेड़ से टकराई थी। युवक की चाचा की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाते समय घायल की भी मौत हो गई। उघैती थाना के गांव सोरहा निवासी विमल पुत्र नत्थू अपने भतीजे संजीव (24) पुत्र भूप सिंह के साथ नौ अक्टूबर की शाम जिला संभल के थाना बहजोई क्षेत्र के मनैना गांव में देवी जागरण की दावत खाकर लौट रहे थे। गांव सगवा के पास उनकी बाइक पेड़ से टकरा गई। विमल की मौके पर मौत हो गई जबकि संजीव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने सैफई के राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां ले जाते समय रास्ते में ही संजीव की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# ई-रिक्शा की अज्ञात वाहन से हुई भिड़ंत तीन लोग घायल

**बिल्सी ,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गुधनी के निकट पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन से ई-रिक्शा की भिड़ंत हो गई। जिसमें ई-रिक्शा में सवार मां-बेटी समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए बिल्सी सीएचसी पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव बेहटा गुंसाई निवासी नफीस पुत्र गनी खान, झिलिया पत्नी इदरीश एवं फिजा पुत्री इदरीश अपने गांव बेहटा गुंसाई को ई-रिक्शा में सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही उनका ई-रिक्शा गुधनी गांव के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी भिड़ंत हो गई। जिससे वह तीनों लोग घायल हो गए। जिसमें झिलिया की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल को रेफर कर दिया गया।

# ईको की टक्कर से घायल किशोर की मौत


किशोर की मौत पर विलाप करती परिजन। ● अमृत विचार


सड़क हादसे में किशोर की मौत के बाद पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे ग्रामीण।

संवाददाता, उघैती


मृतक आदेश।

- **सोमवार को उघैती थाना क्षेत्र के गांव चाचीपुर में ईको ने मारी थी टक्कर**

**अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र के गांव चाचीपुर में ईको वैन अनियंत्रित हो गई और ईंटों के चट्टर से जा टकराई थी। हादसे में बच्चों समेत पांच लोग घायल हो गए थे। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज इलाज के दौरान एक बालक की मौत हो गई।

बदायूं-बिजनौर राजमार्ग स्थित उघैती क्षेत्र के गांव चाचीपुर पर कुछ बच्चे और युवक घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान इस्लामनगर की ओर से तेज रफ्तार से आई ईको अनियंत्रित हो गई और आदेश (15) पुत्र ओमकार, पुष्पा मणि, आदित्य, लक्ष्मी, रामबहादुर को टक्कर मारते हुए ईंटों के चट्टर में जा घुसी। बच्चे समेत पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ईको कार चालक मौके से फरार हो गया। आदेश की हालत नाजुक होने पर उसे मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान आदेश की मौत हो गई। परिजन शव गांव ले आए। परिजन और ग्रामीणों ने हंगामा किया। कार चालक की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस गांव पहुंची। परिजनों को समझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने कार चालक छिबऊ खुर्द निवासी प्रदीप पुत्र बलवीर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि परिजन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रही महिला की मौत

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव सिलहरी निवासी रिंकी पत्नी गुड्डू गांव सिलहरी स्थित अनुपूरक पोषाहार फैक्ट्री में वर्कर के रूप में काम करती हैं। वह गांव सिगोई से अन्य महिलाओं के साथ सोमवार शाम फैक्ट्री से निकली थीं और अपने घर जा रही थीं। गांव सिलहरी के पास सोमवार शाम लगभग सात बजे सड़क पार करने के दौरान किसी वाहन ने रिंकी को टक्कर मार दी। वह दूर जा गिरीं। राहगीरों ने की सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची। घायल को भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। शहीद भगत सिंह चौकी के प्रभारी सुमित चौधरी ने बताया कि महिला को भर्ती कराया गया है।

# सीओ की जांच में निलंबित दारोगा दोषी, विभागीय जांच होगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **छह अक्टूबर के बाद 10 व 11 अक्टूबर को महिला को दोबारा पीटा, अस्पताल में हुई मौत**
- **एसएसपी ने दारोगा को निलंबित करके सीओ दातागंज से कराई थी जांच**

**अमृत विचार : थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव असफपुर** निवासी विमला देवी की पीटकर हत्या मामले में सीओ दातागंज ने एसएसपी को आख्या सौंप दी है। जांच रिपोर्ट के अनुसार महिला की हत्या का कारण दारोगा की लापरवाही बताई गई है। महिला के साथ पहली बार छह अक्टूबर को मारपीट की गई थी लेकिन दारोगा ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की थी। दारोगा अनोज कुमार को निलंबित किया जा चुका है। अब उनकी खिलाफ विभागीय जांच की जाएगी।

गांव असफपुर निवासी नन्हकू की पत्नी विमला देवी और जेठानी से छह अक्टूबर को आरिफ, आबिद और उनकी परिवार की महिलाओं ने मारपीट की थी। विमला को चोट आई थी। उन्होंने दारोगा अनोज कुमार से शिकायत की। दारोगा ने उसे नजरअंदाज कर दिया। जिसके बाद आरोपियों का हौसला बढ़ा और 10 व 11 अक्टूबर को विमला से मारपीट की। रविवार को विमला की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पीटने की वजह से मौत की बात सामने आई थी। एसएसपी ने दारोगा को निलंबित करते हुए सीओ दातागंज केके तिवारी को जांच सौंपी थी। साथ ही चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। केके तिवारी ने जांच के बाद रिपोर्ट सौंपी है। एसएसपी ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। मामले की विभागीय जांच कराई जाएगी।

# राज नर्सिंग होम का अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

संवाददाता, बिल्सी

- **स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण, बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था सेंटर**


अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील करते एसडीएम और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी

**अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ एसडीएम रिपुदमन सिंह ने नगर में दो अल्ट्रासाउंड सेंटर और पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। जिसके बाद नगर के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर और लैब संचालकों में खासा हड़कंप मच गया। जिसमें एक अल्ट्रासाउंड सेंटर का समय से रजिस्ट्रेशन न होने पर तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। टीम ने सबसे पहले नगर के थाना मोड़ स्थित राज नर्सिंग होम के अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संचालक द्वारा 2022 से रजिस्ट्रेशन का रिन्यूअल नहीं कराया गया। साथ ही कई अभिलेखों को पूरा नहीं किया गया है। जिस पर टीम द्वारा उक्त सेंटर को तत्काल प्रभाव सेसील करते हुए गेट पर नोटिस चस्पा कर दिया है। इसके बाद डिग्री कालेज रोड पर स्थित नरेंद्र गायत्री हॉस्पिटल के अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया गया। यहां सभी अभिलेख ठीक पाए गए हैं। इसके अलावा टीम ने खैरी रोड स्थित बालाजी पैथोलॉजी लैब का भी निरीक्षण किया। यहां संचालक राजीव काबरा द्वारा लैब के सभी अभिलेख उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। टीम में एसीएमओ डॉ.पवन कुमार, सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ.अरविंद कुमार वर्मा, डा.नीरज कुमार,कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार, अशोक कुमार सिंह आदि रहे।

# गृह क्लेश से परेशान महिला फंदे पर लटकी

**बदायूं,अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के गांव अटकुइयां कलां निवासी महिला का शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों में चीत्कार मच गया। सूचना मिलने पर फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

गांव निवासी श्यामवीर की शादी लगभग पांच साल पहले शाहजहांपुर निवासी सविता (26) पुत्री ब्रजराज सिंह के साथ हुई थी। उनका एक बेटा हुआ। सविता कुछ समय से परिवार में बार-बार होने वाले क्लेश से परेशान रहने लगी थी। मंगलवार को सविता का शव उसके कमरे में साड़ी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने कमरा खोला तो शव फंदे पर लटका था। परिजनों की चीख निकल गई। शव को फंदे से नीचे उतारा। सूचना मिलने पर महिला का मायका पक्ष पहुंचा। पुलिस भी आ गई। मायका पक्ष ने कार्रवाई से इंकार कर दिया। पोस्टमार्टम की मांग की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं अपनी चल व अचल सम्पत्ति से अपने बेटे (मृतक) सत्यप्रकाश की पत्नी रीना देवी उर्फ गीता देवी व उनके बच्चों तथा अपने बेटे कृष्ण प्रताप सिंह की सातों बेटियों क्रमशः रूवी, रूसी, रूप रानी, पदमा, सरिता दीपमाला व लक्ष्मी को सदैव के लिए बेदखली करती हूं। मेरी मृत्यु उपरान्त भी इनका कोई हिस्सा सम्पत्ति अचल व चल में नहीं होगा। **श्रीमती सुन्दरी पत्नी श्री स्व. रेवाराम आर्य नि. ग्राम कुन्डरा ढाका दातागंज, बदायूं (उ.प्र.)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1004090 का प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **फहीम खान पुत्र रहीस खान निवासी ग्राम सैदपुर चुन्नीलाल थाना भोजीपुरा तहसील व जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राकेश बाबू तथा उसकी पत्नी पिंकी देवी को उनके गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **ओम प्रकाश पुत्र नत्थू लाल निवासी मुड़िया जगरूप थाना भुता जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

मिशन शक्ति अभियान

### बेसहारा महिला को थाना प्रभारी ने भरपेट खिलाया भोजन समस्या सुनी और कराया निदान

# बेघर करने को विधवा को भूखे रख रहे जेठ और देवर को चेताया

संवाददाता, कुंवर गांव


वृद्धा को खाना खिलाते थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पति के रहते जिन जेठ की इज्जत करती और देवर को स्नेह देती। आठ बीघा खेती में सभी मिलजुल कर अनाज पैदा कर रहे थे और परिवार राजी खुशी से था लेकिन पति की आंखे बंद होते ही जेठ और देवर ने दाने को मोहताज कर दिया। खाना देना बंद कर दिया। बड़े कमरे से निकाल कर घर की एक कोठरी तक सीमित कर दिया। भूख से परेशान होकर विधवा उम्मीद लेकर थाने पहुंची। यहां उसकी थानेदार से मुलाकात हो गई। थानाध्यक्ष ने भूखे को रोटी खिलाई और उसकी समस्या का समाधान करके घर भेजा। अब विधवा को दो वक्त की रोटी आसानी से मिल सकेगी। यह मामला कुंवरगांव थाने का है। जहां थाना प्रभारी ने वास्तविक पुलिस का फर्ज अदा किया और विधवा के जेठ व देवरों को चेतावनी देते हुए महिला की समस्या हल की।

कुंवरगांव थाना क्षेत्र में फकीराबाद गांव निवासी मीना (70) के पति की तीन साल पहले मृत्यु हो गई। घर में आठ बीघा जमीन है। मीना के कोई बच्चा नहीं है। उसने एक लड़की को गोद लिया है। पति की मृत्यु के बाद जेठ और देवर ने उस जमीन पर मीना का हिस्सा कब्जाने के लिए उसे परेशान करना शुरु कर दिया। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इस बीच मीना देवी पर दबाव डालते हुए उसे खाना देना भी बंद कर दिया। घर में बड़े कमरे की जगह एक कोठरी में रहने को विवश किया। आय का साधन नहीं होने से मीना जेठ और देवर पर ही आश्रित थी। जो अनाज वह देते थे उसी से वह अपने लिए खाना बनाती थी लेकिन जब यह देना भी बंद कर दिया तो वह गांव के घरों में जाने लगी। गांव वाले भी कब तक किसी बाहरी महिला को रोटी देते तो उन्होंने भी मीना को नजरअंदाज करना शुरु कर दिया।

मीना ने बताया कि जब वह परेशान हुई तो दो माह पहले भी थाने आई थी लेकिन तब यहां थानाध्यक्ष मिले नहीं। सिपाहियों को समस्या बताई लेकिन कुछ हुआ नहीं। दो माह किसी तरह परेशानी में काटे और एक बार फिर उम्मीद लेकर मंगलवार को दोपहर को थाने पहुंची। लगभग छह किमी दूर गांव से निकलकर कुछ दूर पैदल चलने के बाद एक ई रिक्शा वाले को पांच रुपये देकर वह थाने तक आई। यहां थाना प्रभारी रामेन्द्र सिंह से मिली। प्रभारी ने विधवा महिला को बैठाकर पानी पिलाया। उसकी व्यथा सुनी तो उसके खाने की व्यवस्था कराई। भरपेट भोजन कराने के बाद मीना देवी ने थाना प्रभारी को बताया कि कुछ साल पहले उसके पति की मौत हो चुकी है। अब उसके देवर और जेठ उसे घर से बेघर कर रहे हैं जिससे वह दर दर भटक रही है। उसकी समस्या कोई नहीं सुन रहा है। इसलिए पुलिस के पास आयी है। थाना प्रभारी ने उसे आश्वस्त किया और विधवा महिला के सामने ही गांव में पुलिस बल भेजकर जेठ और देवरों को चेतावनी दी कि वृद्धा को परेशान किया और बुजुर्ग विधवा दोबारा इसी समस्या को लेकर थाने आई तो दोनों पर कार्यवाही की जाएगी। मीना देवी थाना प्रभारी की इतनी ही मदद से संतुष्ट होकर गांव लौट गई। उन्हें इस बात का इत्मीनान था कि अब रोज रोज दो रोटी के लिए परेशान नहीं होना पडेगा।

## शहर में आज

- पटियाली के मुहल्ला न्यू कॉलोनी में देव प्रतिमाओं की स्थापना शाम छह बजे से।
- सिंचाई संघ का धरना प्रदर्शन नलकूप कॉलोनी पर सुबह दस बजे से।
- देव प्रतिमाओं की शोभायात्रा कस्बा पटियाली में दोपहर 12 बजे से।
- प्रतिभा सम्मान समारोह नदरई प्राथमिक विद्यालय में सुबह 11 बजे से।

## एक नजर

### व्यापारी पदाधिकारियों ने दिया त्याग पत्र

**कासगंज :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, जिला संयुक्त मंत्री कृष्ण मुरारी दरगढ, संगठन मंत्री मोहित गर्ग ने संगठन की प्राथमिक सदस्यता और पदों से त्याग पत्र दे दिया। पदाधिकारियों ने अपने त्याग पत्र प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल को भेजे हैं। इस संबंध में जिला अध्यक्ष सतीश गुप्ता का कहना है कि इन सभी पदाधिकारियों को निष्क्रियता के चलते सितंबर माह में ही निष्कासित कर दिया गया था।

### पॉक्सो एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज :** सोरों कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि आरोपी आकाश निवासी गांव बघेला पुख्ता एवं आकाश निवासी ग्राम तुमरिया न्यायालय में पेश किया गया था। न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेजा है।

### दो वारंटी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए

**कासगंज :** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत गंजडुंडवारा पुलिस ने वारंटी शमीम निवासी मुहल्ला मूलचंद्र थाना गंजडुंडवारा को गिरफ्तार किया है। वहीं थाना सिकंद्रपुर वैश्य पुलिस ने वारंटी कलेक्ट्र निवासी ग्राम सिकंद्रपुर वैश्य को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पटियाली के सीओ राजकुमार पांडेए ने बताया कि संबंधित थाना पुलिस ने न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

### युवक ने डाली भड़काऊ पोस्ट, तहरीर दी

**सोरों जी।** कस्बा के मुहल्ला सराया मड़ई निवासी आफाक खान पुत्र चाहत मियां ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक भड़काऊ पोस्ट की। बजरंग दल के प्रखण्ड संयोजक गोविन्द महेरे, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र मौर्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं सोरों कोतवाली प्रभारी भोजराज अवस्थी को तहरीर दी। विपिन महेरे, गोविन्द तिवारी, मनमोहन पाठक, दिवाकर मिश्रा, पीयूष महेरे, सुधांशु भारद्वाज, कुलदीप माहेश्वरी, गोलू रावत, यश महेरे, नन्ने कश्यप, देव मौर्य, सुधांशू महेरे, दीपक कुमार, जुगल किशोर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# धूमधाम से निकाली श्री राम की राजगद्दी शोभायात्रा

## राम, सीता, लक्ष्मण के साथ देवी-देवताओं की झांकियां और काली अखाड़ा बने आकर्षण का केंद्र, शोभायात्रा देखने उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


राजगद्दी शोभायात्रा में शामिल श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के स्वरूप। • अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल मां सरस्वती की झांकी।


शोभायात्रा में श्रीराम का रथ खींचते व्यापारी नेता। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** श्रीराम की राजगद्दी शोभायात्रा सोमवार की देर रात तक शहर में धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में 123 से अधिक धार्मिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत झांकियां शामिल रहीं। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम, जानकी की आरती उतारी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन को पहुंचे। श्रीराम की जय-जयकार से वातावरण गूंजता रहा।

रावण संहार कर 14 वर्ष का वनवास व्यतीत करने के बाद अयोध्या लौटने पर श्रीराम का भव्य स्वागत किया गया। देर शाम राजगद्दी शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के साथ रथ पर विराजमान थे। राजगद्दी यात्रा सहावर गेट स्थित रामलीला मंदिर से प्रारंभ होकर सोरों गेट, गली पुरानी चक्की, गली धोबियान, बड़ी होली, सोरों गेट, गली मीना बाजार, बिलराम गेट, सूत की मंडी, गली पचौरियान होती हुई बारहद्वारी स्थित श्रीरामलीला मंच पर समाप्त हुआ। आठ बैंड, पंजाब, इटावा, बहजोई के घोड़े, काली अखाड़ा दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। काली अखाड़े का करतब लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहा था। आरंभ डीएम मेधा रूपम, और एसपी अपर्णा रजत कौशिक के अलावा रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान की आरती उतारकर किया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गोपाल मराठा, प्रखर गुप्ता, शिव कुमार भारद्वाज, अजय डांगरा, सच्चिदानंद, सुनील वाष्र्णेय, दीपक माराठा, संतोष माराठा सहित बड़ी संख्या में रामभक्त मौजूद रहे। एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी , सुनील वाष्र्णेय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बॉबी कश्यप सहित कई तमाम नेताओं ने श्री राम की आरती उतारी और पूजा अर्चना की। शहर में जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा हुई और आरती उतारी गई। माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।


रामअवतार काली अखाड़े के संयोजक को सम्मानित करते रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गोपाल माहेश्वरी मराठा।

### पुलिस व्यवस्था रही चाक चौबंद

राजतिलक शोभायात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने पहले से ही व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर रखी थीं। जिले के अलावा सोरों, ढोलना, सहावर, अमांपुर थाने का फोर्स तैनात रहा। प्रत्येक झांकी के साथ एक आरक्षी की तैनात की गई थी। मेला मार्गों पर भी सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त फोर्स लगाया था। सुरक्षा की व्यवस्था की कमान एएसपी राजेश भारती, सीओ आंचल चौहान संभाले हुए थे। शोभा यात्रा से पहले एसपी ने पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया। कहा कि पूरी तरह सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद इंतजाम रखने हैं। कहीं भी कोई चूक नहीं होनी चाहिए। शोभा यात्रा में महिला सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए और कोई भी संदिग्ध दिखाई दे तो उस पर कड़ी कार्रवाई करें।



शोभायात्रा में शामिल नंदी की सवारी करते भोलेनाथ की झांकी। • अमृत विचार


रथ को खींचते एसपी अपर्णा रजत कौशिक, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी व अन्य।

# राम राज बैठे त्रिलोका हर्षित भय गए सब सोका

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- विधि विधान पूर्वक किया गया श्री राम का राजतिलक

**अमृत विचारः** मंगलवार को शहर के बाराहद्वारी स्थित रामलीला मंच पर भगवान श्री राम का राजतिलक किया गया। राजतिलक होते ही श्री राम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हुआ। कलाकारों को पुरुस्कृत किया गया।

सूर्य के समान चमकते राज सिंहासन पर श्री रघुनाथ जी के सीता माता के साथ बैठते ही ब्राह्मणों ने वेद मंत्रों का पाठ शुरु किया। सबसे पहले गुरु वशिष्ठ ने उनका तिलक किया फिर माताओं ने आरती उतारी।श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शुत्रधन एवं हनुमान की आरती उतारी गई।

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गोपाल माराठा, मंत्री प्रशांत शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रखर गुप्ता, संजू पल्तानी, गोपाल माहेश्वरी, प्रदीप कावरा, कृष्ण मुरारी दरगढ, सच्चिदानंद डांगरा, दुर्वेश दुबे, सहित सैकड़ों की संख्या में रामभक्त मौजूद रहे।


राजतिलक के दौरान भाइयों के साथ सिंहासन पर विराजमान श्रीराम, साथ में हुनमान।

# तापमान कम होने पर करें सरसों की बुवाई

**कासगंज। अमृत विचारः** सरसों की बुवाई नवरात्र शुरू होने के साथ ही शुरू हो जाती है, लेकिन अभी तापमान अधिक होने के कारण बुवाई करना ठीक नहीं है। कृषि विभाग ने किसानों को एक सप्ताह रुकने की सलाह दी है।

विशेषज्ञों के अनुसार सरसों की बुवाई के लिए 15-25 डिग्री सेल्सियस तापमान अच्छा रहता है। तभी सरसों के बीज का अंकुरण हो पाता है। अधिक तापमान पर बीज झुलस सकता है। अभी तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। सरसों की बुवाई के लिए पंक्ति से पंक्ति की दूरी 45 सेंटीमीटर तथा पौधों से पौधों की दूरी 20 सेंटीमीटर रखनी चाहिए। सिंचित क्षेत्र में सरसों बीज की गहराई 5 सेंटीमीटर अच्छी है। फसलों का अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के दृष्टिकोण से रोग-कीट का उचित समय पर नियंत्रण करना आवश्यक है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. अवधेश मिश्रा ने बताया कि सरसों बीज बोने से पूर्व ट्राइकोडर्मा 5 ग्राम प्रति किलोग्राम की दर से लेकर बीज का शोधन करके ही बुवाई करे।

# किताबी ज्ञान तक सीमित न रह कर व्यवहारिक बनें

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- अच्छी सोच बेहतर जिंदगी कार्यक्रम को ब्रह्मकुमारी शिवानी दीदी ने किया संबोधित


अच्छी सोच बेहतर जिंदगी कार्यक्रम में उपस्थित लोग। • अमृत विचार


ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी को सम्मानित करतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

**अमृत विचारः** जीवन में व्यवहारिकता अहम मायने रखती है। इसलिए व्यवहारिक जीवन हर व्यक्ति को जीना चाहिए। यह कहना है कि विश्व प्रसिद्ध प्रेरक आध्यात्मिक वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी का। वह अच्छी सोच बेहतर जिंदगी कार्यक्रम में वक्तव्य दे रही थीं।

कार्यक्रम में कुमारी चिया ने मनोहर नृत्य कर मन मोह लिया। ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी ने सभी आगंतुकों एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने आध्यात्मिकता केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिकता का अंग बन सके, इस पर जोर दिया। कहा कि परिस्थिति का असर मन की स्थिति पर नहीं होना चाहिए। इसलिए अपनी सोच को बदलना होगा। आध्यात्मिकता ऐसा लाइफ स्किल है जिसके सीखने से हम दैनिक कार्य करते हुए भी, सही सोच और सही कार्य विधि से जीवन में खुशियां प्राप्त कर सकते हैं। परिस्थितियों से ज्यादा शक्तिशाली स्व-स्थिति होती है। हम स्वयं को शक्तिशाली बनाकर किसी भी बाह्य स्थिति या व्यक्ति का सामना बड़े ही सहज भाव से कर सकते हैं।

आज के समाज की तस्वीर खींचते हुए उन्होंने बताया कि बड़े ही नहीं आजकल तो बच्चे भी अवसाद का शिकार होते जा रहे हैं। बताया बच्चों की इस स्थिति के ज्यादा जिम्मेदार अभिभावक हैं । जरूरत है कि हम स्वयं के संस्कारों में परिवर्तन करें। हमारे संस्कारों को देखकर बच्चे स्वतः ही परिवर्तित होने लगते हैं। जब तक हम स्वयं की आत्मिक शक्ति को जागृत करके मानसिक रूप से सशक्त नहीं बनते हैं, हमारी आने वाली पीढ़ी भी शक्तिशाली नहीं हो पाएगी। हमारी आंतरिक खुशी पढाई में ज्यादा नंबरों या बाह्य साधनों पर निर्भर नहीं होती है बल्कि एक शक्तिशाली मानसिक स्थिति पर होती है। शिवानी दीदी के वक्तव्य से पूर्व प्रसिद्ध गायक हरीश मोयल ने भजनों के द्वारा पूरे पंडाल को भक्तिमय कर दिया।

कार्यक्रम में एएसपी राजेश भारती, सीएमओ डा. राजीव अग्रवाल, सतीश गुप्ता, विनय जैन, विनीत अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुबोध मित्तल, विवेक बंसल, संतोष माहेश्वरी, श्याम सुंदर मूना, जेसी चतुर्वेदी, संदीप माहेश्वरी, योगेंद्र पाल कावरा, भगवती प्रसाद अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# श्री राम साधना हैं, श्रीराम भावना हैं

संवाददाता, पटियालीः



एक शाम श्री राम के नाम सम्मेलन में कवितापाठ करते कवि। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** रामलीला मंच पर एक शाम प्रभू श्री राम के नाम से कवियों का दरबार सजाया गया।मुख्य अथिति ग्रेटर नोएडा से पधारे कौशल किशोर चौहान थे। उपजिलाधिकारी डा. कुलदीप सिंह ने कार्यक्रम आरंभ किया। अध्यक्षता एसकेएम इंटर कालेज प्रबंधक एसके गौर ने की।

इटावा की कवियित्री योगिता चौहान ने मां शारदा की वन्दना प्रस्तुत की। भरतपुर राजस्थान के अशोक धाकरे ने कहा श्री राम साधना है,श्रीराम भावना है, श्री राम कामना है, श्रीराम चाहना है। पटियाली के ओज कवि शरद लंकेश ने कहा मैं क्षमा याचना करता हूं, मैं विभीषणों से डरता हूं। दिल्ली के हास्य व्यंग्य कवि शैल भदावरी ने पढ़ा नहीं किसी में हीन भाव हो, नहीं किसी सर सहरा हो। अपराधी अपराध नहीं हो,नहीं कहीं पर पहरा हो।मध्य प्रदेश के भिंड से आए कवि सुनील त्रिपाठी निराला ने कहा, हुनरमंद हैं रस्सी को भी सांप बना लेते हैं, गरज पड़े तो गदहे को भी बाप बना लेते हैं। संयोजक शरद लंकेश,सह संयोजक आबिद अली एडवोकेट व सुधीर सुमन ने कवियों का स्वागत व आभार प्रकट किया। रामलीला कमेटी अध्यक्ष गोपाल मिश्र, मंत्री राघव मिश्र, तहसीलदार जितेंद्र सिंह, डा.इस्लाम मजीद, डा. शिव प्रताप सिंह, उद्योगपति मोहम्मद उमर बाबू, ऋषिपाल सिंह गौर, बदरुल हसन,सोनू गुप्ता, शकील अहमद, बैंक प्रबंधक जितेंद्र सिंह, प्रधान भरत सिंह, प्रधान धीरेंद्र सिंह, राहुल दीक्षित, हरी श्याम, पवन मिश्र, संतोष शाक्य, सरवीर सिंह, सत्य पाल सिंह, अवधेश गुप्ता, सोनू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# श्री राम का किया राज्याभिषेक होने लगी जय जयकार

संवाददाता, अमांपुर


श्रीराम के राज्याभिषेक के दौरान मौजूद श्रद्धालु।

**अमृत विचारः** कस्बे में चल रही रामलीला में श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्रीराम का स्वागत किया। पंडित रामखिलाड़ी उपाध्याय ने विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण से श्रीराम के स्वरूप का राजतिलक किया।

समाज सेविका सुलोचना गुप्ता, शिवराज सिंह, रामनरायन मित्तल, रामौतार गुप्ता, राकेश पाराशर, सुधीर गुप्ता, हरिद्त पालीवाल, अध्यक्ष रूदप्रताप सिंह, पुष्पेंद्र वर्मा, हिदेश सर्राफ, शीलेन्द सोलंकी, विनय प्रताप सोलंकी, सुनील गुप्ता, दरबेश फौजी, कमल गुप्ता, रामसिंह शाक्य, विजयप्रकाश गुप्ता, विनीत मित्तल, बंटी गुप्ता, आकाश गुप्ता सरार्फ, नरायन साहू, वीरी सिंह शाक्य, शिवम सोलंकी, राहुल राघव, संतोष पालीवाल, संजीव महेश्वरी, शुभम सोलंकी, अशोक शाक्य, श्रीकृष्ण गौतम आदि मौजूद रहे।

# सहायक निदेशक बेसिक ने स्कूलों का किया निरीक्षण

**एटा,अमृत विचार :** गैरहाजिर रहकर तनख्वाह पाने वाले शिक्षकों का मामला सामने आने पर बेसिक शिक्षा विभाग की निदेशक कंचन वर्मा ने बीएसए दिनेश कुमार से स्पष्टीकरण मांगा था। मंडलीय सहायक शिक्षा महानिदेशक कृपा शंकर वर्मा औचक निरीक्षण और जांच करने पहुंचे।

सहायक निदेशक ने अलीगंज के प्रा.पा.ग्राम कूड़ा, ग्राम नगला गुलाल का निरीक्षण किया। इसके बाद ब्लाक संसाधन केंद्र अलीगंज में जांच की। बताया कि कुड़ा और नगला गुलाल दो विद्यालयों का निरीक्षण किया गया है। विद्यालयों में अव्यवस्थाएं ज्यादा मिली हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की आख्या से वह संतुष्ट नहीं थे, जिसकी वजह से वह स्वयं जांच करने के लिए अलीगंज आए और जांच की है, अभी जांच पूरी नहीं हुई है।

# बजरंगियों ने कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई



कार्यक्रमों के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी देते बजरंग दल के नेता। • अमृत विचार

**कासगंज, अमृत विचार :** बजरंग दल की प्रांतीय बैठक शहर के सरस्वती शिशु मंदिर में हुई। इस बैठक में क्षेत्रीय और प्रांतीय पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। कार्यक्रम की सफलता को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई ।क्षेत्रीय संगठन मंत्री सोहन सिंह, प्रांतीय संगठन मंत्री राजेश कुमार, प्रांतीय संयोजक दिग्विजय सिंह एवं ब्रज प्रांत मंत्री अनुज सिंह ने आने वालें दिनों में होने वाले कार्यक्रमों के लक्ष्य पूर्ण करने को लेकर दिशा- निर्देश दिए। सोहन सिंह ने कहा कि वार्षिक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रत्येक माह बजरंग दल जिला एवं प्रखंड स्तर पर बैठक अनिवार्य है। बैठक में शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली, बदायूं, कासगंज, हाथरस, मथुरा, आगरा, शिकोहाबाद, चंद्र नगर, मैनपुरी, हरिगढ़ आदि जिलों से पदाधिकारी उपस्थित रहे। नवीन सक्सेना, प्रमोद साहू,आदित्य गुप्ता, मोहित गुप्ता, अमरीश वशिष्ठ, विनोद कुशवाह, हर्षित गौड़, राज दिवाकर, राज वैभव महेरे, प्रमोद साहू, अजय शर्मा,ओमकार सैनी,लखन प्रताप सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

# नहीं थम रहा डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड का प्रकोप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


जिला अस्पताल में चिकित्सक कक्ष के बाहर कतार में खड़े मरीज ।


मरीजों की जांच करते डॉक्टर। • अमृत विचार

> मौसम बदल रहा है। मच्छरों का काफी प्रकोप है। मच्छरों से खुद का बचाव करें। अन्यथा डेंगू, मलेरिया की चपेट में आ सकते हैं। रोग होने पर प्रशिक्षित डॉक्टर की सलाह लें।
> - डॉ. संजीव सक्सेना, सीएमएस

**अमृत विचार :** जिले में डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड का प्रयोग कम नहीं हो पा रहा है। जांच में पांच मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। इस तरह से जिले में डेंगू पीड़ितों की संख्या 50 पार हो गई है। जिला अस्पताल में उपचार कराने के लिए मरीजों की कतार लगी रही।

मंगलवार को जिला अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की कतार लग गई। 1395 मरीजों ने रिजस्ट्रेशन कराया। सबसे अधिक भीड संक्रामक रोग विभाग में रही। 350 मरीज बुखार से पीड़ित थे। चिकित्सकों ने लक्षण के आधार पर इनकी मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू की जांच कराई।

टाइफाइड के आठ, मलेरिया के 161, इसके अलावा 23 मरीज डायरिया के निकले। 260 मरीजों को सांस की समस्या रही। इसके अलावा अन्य बीमारियों के मरीज भी रहे।

**इनमें हुई डेंगू की पुष्टिः** देवरी प्रहलादपुर निवासी 10 वर्षीया साहिबा, 18 वर्षीया शकीना, गढ़ी पचगाई निवासी 29 वर्षीय प्रवीन, 13 वर्षीय अनुज के अलावा भड़पुरा निवासी 17 वर्षीय लालू में डेंगू की पुष्टि हुई है। कुल 86 मरीजों की डेंगू की जांच कराई गई।

# उपचार के दौरान वृद्ध की मौत, परिजनों का हंगामा

**कासगंज, अमृत विचारः** शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए गए रोगी की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। पटियाली कोतवाली के गांव नगला फ्लू निवासी वृद्ध उदयवीर सिंह को परिजनों ने गंभीर हालत में शहर के बिलराम गेट स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। उन्हें सांस से संबंधित समस्या थी। उपचार के बाद भी उनकी हालत में सुधार नही हुआ। शाम चार बजे मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और परिजनों को समझाकर शांत किया।

# अमित बने ब्लॉक अध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह मंत्री

संवाददाता, पटियालीः

- उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का ब्लॉक स्तरीय चुनाव


पदाधिकारियों को सम्मानित करते शिक्षक। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ दिनेश शर्मा गुट का ब्लॉक स्तरीय चुनाव मंगलवार को पटियाली के श्री राम डिग्री कॉलेज में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर अमित द्विवेदी ने सुशील कुमार सिंह को 96 वोटों से हराया। मंत्री पद पर वीरेंद्र सिंह ने दीपक कुमार आर्य को 80 वोटों से पराजित किया।

चुनाव प्रभारी प्रांतीय प्रचार मंत्री एवं जिलाध्यक्ष बदायूं संजीव शर्मा तथा प्रांतीय संगठन मंत्री एवं जिलाध्यक्ष एटा राकेश चौहान की देखरेख में शिक्षकों ने सुबह 11 बजे से 3 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा कि शिक्षकों के हित में पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे। राजेश कटारा मंडलीय मंत्री अलीगढ़, अरविंद शर्मा एवं जमीर आलम जिला सह संयोजक कासगंज, अरविंद दीक्षित, चंद्र देव दीक्षित, सत्येंद्र सिंह, अरविंद यादव, रितेश शर्मा, दीपक मिश्र, रतन प्रकाश, सत्य प्रकाश पाल, आलोक मिश्र, सुरजीत सिंह, मुनीश शर्मा, अभिषेक पांडे सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## एक नजर

### दूध विक्रेता से बाइक सवारों ने छीने 1.32 लाख

**जलेसर,अमृत विचार** :बैं क से रुपए निकाल कर लाए दूध विक्रेता से बाइक सवार लुटेरों ने एक लाख 32 हजार रुपये छीन लिए और फरार हो गए। घटनाक्रम के अनुसार ग्राम बसई थाना सकरौली निवासी रेशम पाल भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से 1.32 लाख रुपये निकालकर अपने गांव बाइक पर जा रहे थे। रुपयों का थैला बाइक के हैंडल पर लटका था। इसी बीच अपाचे सवार लुटेरों ने राजकीय महाविद्यालय के निकट रोक लिया और बाइक के हैंडल से थैला झपटकर भाग गए। जानकारी मिलने पर पुलिस पुहंची और लुटेरों की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। रेशम पाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है।

### जानवर की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र घायल

**जलेसर,अमृत विचार** :जलेसर से सिरसागंज जा रहे बाइक सवार पिता पुत्र जंगली जानवर की टक्कर से गंभीर घायल हो गए।घटनाक्रम के अनुसार सिरसागंज निवासी महेश चंद्र एवं उनके पुत्र आकाश बाइक से गांव जा रहे थे। थाना सकरौली क्षेत्र के ग्राम बदनपुर पर पहुंचे थे कि किसी जंगली जानवर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें पिता पुत्र घायल हो गए।

# गैस रिफिलिंग के समय लगी आग, सिलिंडरों में हुए धमाके

## दहशत के चलते मची भगदड़, दमकल कर्मियों ने पाया आग पर काबू

संवाददाता, सोरों जी


सोरों में गैस रिफिलिंग की दुकान में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

**अमृत विचारः** ऑटो में गैस रिफलिंग करते समय दुकान में आग लग गई। एक के बाद एक सिलिंडर फटे तो अफरा तफरी मच गई। बड़ा हादसा होते होते टल गया है। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

कछला गेट पर पीली कोठी मार्ग पर सुनील गुप्ता का गैस रिफलिंग का कारोबार है। मंगलवार की शाम लगभग साढे पांच बजे दुकान पर रसोई गैस सिलेंडर से ऑटो में गैस रिफलिंग की जा रही थी, तभी आग लग गई। आग की चपेट में दुकान में रखे चार भरे हुए सिलिंडर आ गए। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जोरदार धमाकों की आवाज के साथ सिलिंडर फट गए जिससे क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल बन गया। जानकारी दमकल विभाग और कोतवाली पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी मौके पर पहुंचे। आधा घंटे बाद दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है।

### आस पास की दुकानों और मकानों में आई दरारें

गैस रिफलिंग की दुकान में आग लगने और सिलेंडर फटने से आस-पास की कई दुकानों और मकानों में दरारें आ गईं। लोगों का कहना है कि घनी आबादी में यह दुकान वर्षो से चलाई जा रही है। शहर में अन्य स्थानों पर इस तरह के कारोबार हो रहे हैं। उन्हें भी बंद कराया जाए।

> गैस रिफलिंग की दुकान में आग लगी है। यह दुकान अवैध रूप से चल रही थी। मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> **-भोजराज अवस्थी**, इंस्पेक्टर, सोरों।

## किसान संघ के संस्थापक की मनाई पुण्य तिथि

**कासगंज, अमृत विचारः** भारतीय किसान संघ द्वारा संघठन के संस्थापक दत्तोपंत ठेगडी की 19 वीं पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके बताये मार्ग पर चलकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

जिला अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया ने कहा कि दत्तोपंत ठेगडी बाल्य काल से ही संघ के शाखा में जाया करते थे, हालांकि वह अनियमित स्वयंसेवक थे। फिर भी अपने सहपाठी और मुख्य शिक्षक मोरोपंत जी पिछले कि सानिध्य में दत्तोपंत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्गों का तृतीय वर्ष तक का प्रशिक्षण पूरा किया। जिला मंत्री सुखबीर सिंह पुंढीर एडवोकेट ने बैठक का संचालन किया। अजय पाल सचेत, रोशनन सिंह पुंढीर, प्रदीप चौहान , सुधीर गुरहार, संजय शर्मा, विक्रम सोलंकी एडवोकेट ,जीतू ठाकुर, सुशील गुरहार,लाल सिंह ,रविंद्र कुमार, स्वयंसेवक किसान उपस्थित रहे।

# कानूनगो और लेखपाल कर रहे हैं मनमानी

संवाददाता, पटियाली

- भारतीय किसान यूनियन ने पटियाली एसडीएम को दिया ज्ञापन

**अमृत विचारः** जमीन की पैमाइश हो या फिर हिस्सा प्रमाण पत्र बनवाने की जरूरत। सब में लेखपाल और कानूनगो मनमानी कर रहे हैं। यह कहना है भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों का। उन्होंने पटियाली एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

एसडीएम कुलदीप सिंह को दिए ज्ञापन में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा है कि लेखपाल हर काम में रुपए की मांग करते हैं। नागर कंचनपुर गांव के लेखपाल पर भी आरोप लगाए। लेखपाल के साथ कानूनगो को भी लापरवाह बताया। कहा कि बारिश के कारण पटियाली क्षेत्र में पिछले दिनों फसलें बर्बाद हो गई थीं, लेकिन कोई सर्वे अभी तक नहीं किया गया। सर्वे न होने के कारण किसानों को मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। किसान यूनियन का आरोप है कि डीएपी के लिए किसानों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। खाद की कालाबाजारी हो रही है। किसान यूनियन के नेता नुरुल इस्लाम के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओ का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष कृष्णा यादव ने एसडीएम से समस्याओं के समाधान की मांग की है।


पटियाली एसडीएम को ज्ञापन देते किसान यूनियन के नेता। • अमृत विचार

### हज यात्री 21 अक्टूबर तक जमा करें रुपए

**एटा,अमृत विचार** : जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शालिनी रंजन ने बताया है कि 2025 के लिए चयनित हज यात्रियों को अपनी प्रथम किस्त 130300 रुपये 21 अक्टूबर तक जमा करने हैं। चयनित हज यात्री धनराशि ऑनलाइन हज सुविधा एप क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग यूपीआई के माध्यम से जमा कर सकते हैं। धनराशि हज कमेटी ऑफ इन्डिया के स्टेट बैंक ऑफ इन्डिया व यूनियन बैंक ऑफ इन्डिया के खाते में भी जमा की जा सकती हैं वेबसाइट पर उपलब्ध सूची के में प्रत्येक कबर नम्बर के सामने अंकित बैंक रेफरेंस नम्बर को पे-इन स्लिप डाउनलोड कर अंकित कर धनराशि जमा करना होगा।

# तीन तहसील क्षेत्रों में खाद की दुकानों पर छापेमारी


खाद की दुकान पर जांच पड़ताल करते अधिकारी। • अमृत विचार

**एटा, अमृत विचार** :जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर मंगलवार को अधिकारियों द्वारा खाद की दुकानों पर छापेमारी की गई। यह कार्रवाई किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई है।

छापेमारी की कार्रवाई जिले की तीनों तहसीलों एटा सदर, अलीगंज, जलेसर और ब्लॉक जैथरा, में की गई। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राजस्व विभाग के कर्मचारियों और पुलिस बल शामिल थे। छापेमारी के दौरान कई दुकानों में अवैध गतिविधियों का खुलासा हुआ। बिना लाइसेंस के खाद बेचने, निर्धारित कीमतों से अधिक कीमत वसूलने और गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करने के मामले पाए गए। अधिकारियों ने कुछ दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कदम उठाने का निर्णय लिया।

# पेड़ से टकराकर पलटी बोलेरो, युवक की मौत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार** : सकीट थाना क्षेत्र के साबलात चौराहे के पास अनियंत्रित होकर बोलेरो कार पेड़ से टकराई और सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है।

घटनाक्रम के अनुसार सोमवार की रात 12 बजे एटा-सकीट रोड स्थित नवोदय विद्यालय से आगे साबलात चौराहे पर तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराकर पलट गई। उक्त गाड़ी एटा से सकीट जा रही थी। हादसे में गौतम (24) पुत्र राजेश कुमार निवासी कमालपुर मई थाना सकीट की मौत हो गई। गाड़ी सवार अन्य लोगों को मामूली चोट आई है। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम गृह भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

**करंट से महिला झुलसी, हालत गंभीरः एटा।** संतोषी देवी (25) पत्नी शिवलाल निवासी कैलई थाना एका जिला फिरोजाबाद मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजेपंखा का प्लग बिजली के बोर्ड में लगा रही थी। तभी उसको करंट लगा, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई और बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। परिजनों द्वारा संतोषीदेवी को एटा के मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के पश्चात हायर सेंटर रेफर कर दिया।


बेकाबू होकर सड़क किनारे पलटी बोलेरो को देखते लोग। • अमृत विचार

### भैंस के हमले में वृद्धा की मौत

एटा,अमृत विचार : जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम बहगों निवासी राजवती (75) पत्नी मंगोली सिंह मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे अपने पशुओं को चारा डाल रही थीं तभी भैंस ने उन्हें उठाकर पटक दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्वजनों द्वारा राजवती को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में राजमिस्त्री की मौत

एटा,अमृत विचार : अमापुर थाना क्षेत्र के ग्राम नादरमई निवासी 35 वर्षीय रंजीत कुमार क्षेत्र के गांव फकौता निवासी जयवीर सिंह के घर चिनाई का काम कर रहा था।

बताया गया है कि काम करते समय वह गिर गया जिससे उसकी हालत खराब हो गई। मौजूद लोग उसको लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। स्वजनों ने मुआवजे की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### छात्र-छात्राओं ने रावण का किया पुतला दहन



**जलेसर,अमृत विचार** : प्रेम पब्लिक स्कूल में रावण के पुतले का दहन किया गया। प्रधानाचार्य नवीन कांत गोयल ने बताया की अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में सनातन धर्म से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई जाती जिसके चलते आगे चलकर बच्चों में अपने धर्म की भावना जागृत नहीं हो पातीं। आज विद्यालय खुलने पर दशहरा पर्व धूमधाम के साथ मनाया। प्रबंधक कृष्ण गोपाल गुप्ता, उद्योगपति विनोद कुमार बंसल, विजय गुप्ता, विद्यालय के शिक्षकों में अभिनव सक्सेना, अजय सिंह, चंद्रशेखर, पुष्पेंद्र शर्मा, नुमा प्रवेश, सर्वेश कुमारी, संगीता यादव, ज्योति पचौरी, रजनी सिंह आदि मौजूद रहे।

### शानो-शौकत से निकाला गौसे आज़म का जुलूस



**कासगंज: अमृत विचार** : आर्च कल्याण समिति कासगंज की जानिब से 11वीं शरीफ के मुबारक मौके पर हुजूर गौसे आज़म की शान में जुलूसे गौसिया का आयोजन किया गया। मुस्लिम बस्तियों में जुलूस का भ्रमण कराया गया। भाईचारे और अमन चैन की दुआ की गई। गौसे आलम का जुलूस नगर की नई बस्ती स्थित नूरी इस्लाम मस्जिद से जामा मस्जिद, हुलका मुहल्ला, सरकूलर रोड सहित शहर के सभी मुस्लिम बस्तियों में निकाला गया। समिति के प्रबंधक मौलाना चांद मियां अल्वी ने लोगों को भाईचारे का संदेश दिया। कहा कि हुजूर गौसे आज़म ने हमें बराबरी, भाईचारे, इंसाफ और इंसानियत का पैगाम दिया है। जुलूस में मदरसा बरकाते आयशा के बच्चे, बच्चियां और शहर के गणमान्य लोग जैसे की मुन्ने बाबू नूरी, इस्लाम नबी, अब्दुल गफ्फार, नूर मोहम्मद,शफीक,शाहिद, बबलू ,असलम ,समीर आदि शामिल रहे।

### त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**जलेसर, अमृत विचार** : दीपोत्सव धनतेरस एवं देवोत्थान को दृष्टिगत एवं बहराइच में हुई घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च किया और वाहनों की चेकिंग कर चेताया। कोतवाली प्रभारी डॉ. सुधीर राघव ने बताया की आगामी त्योहारों के साथ-साथ बहराइच में हुई घटना को संज्ञान में लेते हुए शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए नगर में व्यापक स्तर पर फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान वाहनों की चेकिंग भी की गई वाहन स्वामियों को चेतावनी दी के त्यौहार नजदीक हैं। वाहनों को यातायात नियमों के अंतर्गत ही चलाएं अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें।

### विधायक विपिन बने प्रतिनिहित विधान समिति के अध्यक्ष



**एटा, अमृत विचार** : सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड को उत्तर प्रदेश विधानसभा के प्रतिनिहित विधान समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने मंगलवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया।उन्होंने कहा कि वहसभी सदस्यों के साथ मिलकर काम करेंगे और जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यह समिति महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार करेगी और नीति निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएगी।। उनका लक्ष्य राज्य के विकास में योगदान करना है, जिससे लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो सके। समर्थकों ने उन्हें इस नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### दरोगा की अचानक तबीयत खराब होने के बाद मौत



जैथरा,अमृत विचार : थाने में तैनात उपनिरीक्षक मुन्नू सिंह की तबियत मंगलवार को मैनपुरी में अचानक बिगड़ गई, जब वे एक वारंट तामील कराने के लिए वहां पहुंचे थे। उपनिरीक्षक को मैनपुरी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मुन्नू सिंह को कानपुर रेफर कर दिया।मंगलवार को सुबह लगभग 10 बजे जब वह कानपुर के लिए रवाना हुए, तब रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना की सूचना परिजनों को दी गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। उपनिरीक्षक का शव एटा लाया गया, जहां उसका पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस प्रशासन ने घटना पर शोक व्यक्त किया है। इस घटना से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई।

# दौड़, कूद, कबड्डी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा


प्रतियोगिता में कबड्डी खेलते बालक वर्ग के खिलाड़ी। • अमृत विचार


कबड्डी में एक-एक प्वांइट के लिए जूझतीं खिलाड़ी। • अमृत विचार

संवाददाता, अमांपुर

- विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

**अमृत विचारः** विकास खंड अमांपुर में करसाना न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मंलगवार को नासिर भट्टी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर हुई। विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया गया। पीटीआई मुनेश राजपूत ने कहा कि खिलाडियों के बीच प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए प्रतिद्धंद्वता नहीं। पुरस्कार पाकर विजेता खिलाडियों के चेहरे खिले।

बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान अनुज महदवा, द्वितीय स्थान अल्तमस, तृतीय स्थान अमित, जबकि 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान दीपक, द्वितीय स्थान सुमित, तृतीय स्थान सिपन। 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान सुरजीत, द्वितीय स्थान सुमित, तृतीय स्थान अर्श, 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान विकास, द्वितीय स्थान नितांश , तृतीय स्थान कार्तिक रहे।

वहीं लंबी कूद में प्रथम स्थान रिजवान, द्वितीय स्थान सुमित ,तृतीय स्थान दीपक को मिला।, कबड्डी में विजेता करसाना, उप विजेता महदवा रहा।

बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान कीर्ति , द्वितीय स्थान खुशबू , तृतीय स्थान दीक्षा, 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान मोहिनी, द्वितीय स्थान अल्फानूर, तृतीय स्थान गोया, 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान सायवा, द्वितीय स्थान अजरा, तृतीय स्थान मोहिनी, 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान सायवा, द्वितीय स्थान मोहिनी, तृतीय स्थान अलीशा रही, जबकि लंबी कूद में प्रथम स्थान अल्फानूर, द्वितीय स्थान कीर्ति, तृतीय स्थान दीक्षा, कबड्डी में विजेता करसाना एवं उपविजेता महदवा रहा। जूनियर स्तर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान निशांत, द्वितीय स्थान अर्जुन देवरी, तृतीय स्थान विक्रम,200 मीटर दौड़ प्रथम स्थान गौरव, द्वितीय स्थान निशांत,तृतीय स्थान गोपाल, 400 मीटर दौड़ प्रथम स्थान जुनैद, द्वितीय स्थान धर्मेंद्र, तृतीय स्थान अनुराग रहे। अन्य खेलों में भी बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अरविंद कुमार, अनुज कुमार, अमित चौहान, सुनील कुमार, देवेश मित्तल, राकेश राजपूत, धर्मेंद्र वार्ष्णेय, मुकेश सोलंकी, सवाना परवीन, पूजा वर्मा, कंचन सेंगर, लकी चौधरी, द्रोपा देवी, दीपेंद्र राजपूत, नीरज यादव आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम को जयंती पर किया याद

संवाददाता, पटियालीः

**अमृत विचारः** पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती देवकली के चौधरी महेंद्र सिंह राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज में मनाई गई। शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें याद किया।

विचार गोष्ठी में अब्दुल हफीज गांधी ने कहा कि एपीजे अब्दुल कलाम साधारण व्यक्तित्व के असाधारण व्यक्ति थे। वह महान वैज्ञानिक थे और भारत की मिसाइल प्रणाली को विकसित किया। उन्हें बच्चों से बहुत लगाव था और हमेशा वह बच्चों को प्रेरित करते रहते थे। उन्होंने एक बार कहा था सपने वह नहीं जो हम बंद आंखों से देखते हैं, सपने वह हैं जो हमें सोने नहीं देते। वह हमेशा लोगों को लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते रहते थे।

प्रबंधक जुगेश यादव ने कहा कि हमें महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रबंधक रोज वाली पब्लिक स्कूल अबसहाब हुसैन ने कहा कि एपीजे अब्दुल कलाम ने एक छोटे से गांव से उठकर देश के राष्ट्रपति तक का सफर तय किया। कमल सिंह, अनुज सोलंकी, राकेश बघेल,श्याम सिंह, रामगोविन्द शर्मा आदि मौजूद रहे।


पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्प चढ़ाते शिक्षक। • अमृत विचार

# थानाध्यक्ष ने परखी बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता, अमांपुर

- बैंकों में तैनात सुरक्षा गार्डों से कहा ड्यूटी के दौरान सजग रहें
- घर से निकलते समय फोटो पहचान पत्र हमेशा साथ रखें लोग

**अमृत विचारः** थानाध्यक्ष ने मंगलवार को कस्बे में बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था परखी। बैठे मिले सुरक्षा गार्डो को ड्यूटी के दौरान अलर्ट रहने के निर्देश दिए। बैंक के आस पास संदिग्ध मिले लोगों से पूछताछ की। उनकी तलाशी ली।

बैंक शाखाओं की सुरक्षा व्यवस्था परखने के लिए निकले थानाध्यक्ष चंचल सिरोही ने बैंकों में तैनात सुरक्षा गार्डों से कहा कि ड्यूटी के दौरान सजग रहें। सुरक्षा व्यवस्था संबंधी उपकरण सायरन, अलार्म, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरों को देखा। बैंक के आसपास मिले संदिग्ध व्यक्तिओं की तलाशी ली। उन्होंने लोगों से कहा कि घर से निकलते समय फोटो पहचान पत्र हमेशा साथ रखें।

बैंक प्रबंधकों से कहा है कि बैंक परिसर में कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसकी सूचना पुलिस को दें। कस्बा इंचार्ज प्रेमपाल सिंह, होमगार्ड कमांडर भीष्मपाल सिंह, ममता, अनिल कुमार चेकिंग के दौरान मौजूद रहे।

### महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरुक

**एटा, अमृत विचार** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के फेज-5 का आयोजन किया गया। यह अभियान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ा है। मंगलवार को सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस पाठशाला और चौपाल में महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। न केवल समस्याओं का समाधान किया गया, बल्कि महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई। महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह और महिलाओं की गरिमा के खिलाफ होने वाले प्रमुख अपराधों के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टॉप सेंटर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), एम्बुलेन्स सेवा (108) की जानकारी दी।

# खाद के लिए महिलाएं भी कर रहीं मशक्कत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** किसान रवी की फसलों की बुवाई की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए खाद नहीं मिल पा रही है। खाद के लिए किसान परिवार की महिलाएं तक मशक्कत कर रही हैं।

डीएपी खाद के लिए सुबह से लेकर शाम तक सहकारी समितियां और खाद भंडारों पर कतारें लग रही हैं। अधिकांश स्थान पर खाद खत्म हो गई है। किसान परेशान नजर आ रहे हैं। इस किसान परिवार की महिलाएं खाद लेने के लिए मानो जंग लड़ रही हैं। जल्द खाद लेने की कोशिश में महिलाएं सहकारी समितियों की दीवारें लांघतीं दिखाई दी हैं। हालांकि, अधिकांश समितियों पर खाद खत्म हो गई है। वहीं कृषि विभाग का दावा है कि खाद की एक और रैक मिल चुकी है। मंगलवार को खाद सभी सहकारी समितियों के लिए आवंटित कर दी गई है। बुधवार से खाद की समस्या काफी हद तक खत्म हो जाएगी।


खाद के लिए समिति की दीवार लांघती किसान परिवार की महिला। • अमृत विचार

### कृषि विभाग के अधिकारियों ने कराया वितरण

खाद बीज केंद्रों पर जहां डीएपी खाद उपलब्ध है। वहां कृषि विभाग के अधिकारी स्वयं मौजूद रहे। कासगंज मंडी समिति के समीप सोमानी खाद भंडार पर कृषि विभाग के एडीओ भगवान सहाय ने अपनी निगरानी में खाद का वितरण कराया।

> किसान परेशान न हों, खाद की एक और रैक मिल चुकी है। लगभग 17000 बोरियां मिली हैं। सभी समितियों पर खाद पहुंच रही है। बुधवार से खाद की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। **-अवधेश मिश्रा**, जिला कृषि अधिकारी

